**न्यूज ब्रीफ**

### ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**कानपुर देहात।** कानपुर दिल्ली रेलवे रूट के रूरा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को दरभंगा एक्सप्रेस की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। शव की अभी पहचान नहीं नहीं हो सकी है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव के शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। जीआरपी चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 24 वर्ष है। घटना रूरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर अपलाइन पर सुबह करीब चार बजे हुई।

### लोदीपुर में एमपीपी पाइप लाइन पर हुआ मॉक ड्रिल

**कानपुर देहात।** बीपीसीएल की मल्टी प्रोडक्ट पेट्रोलियम पाइपलाइन में गांव लोदीपुर में शुक्रवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। भूमिगत पेट्रोलियम पाइपलाइन में संभावित लीकेज एवं आग लगने की स्थिति में त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई की तैयारियों का परीक्षण करने के लिए ड्रिल हुई। बताया गया कि बीना-पानकी पाइपलाइन मल्टी प्रोडक्ट पाइपलाइन है, जिसके माध्यम से डीजल, पेट्रोल तथा एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एयरक्राफ्ट फ्यूल) का परिवहन किया जाता है। मॉक ड्रिल के दौरान पाइपलाइन में काल्पनिक रिसाव एवं आगजनी की स्थिति प्रदर्शित की गई। सूचना प्राप्त होते ही निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप कंट्रोल रूम द्वारा तत्काल आपूर्ति बंद की गई तथा घटनास्थल पर सुरक्षा घेराबंदी कर अग्निशमन की कार्रवाई प्रारंभ की गई। अभ्यास में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभी संबंधित विभागों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। संभावित घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने एवं आपात चिकित्सा सेवाओं की तत्परता का भी परीक्षण किया गया। ड्रिल के माध्यम से यह प्रदर्शित किया गया कि आपात स्थिति में विभिन्न एजेंसियों के मध्य प्रभावी समन्वय, त्वरित सूचना तंत्र तथा प्रशिक्षित टीमों की सक्रियता से संभावित क्षति को न्यूनतम किया जा सकता है।

### पोलिंग सेंटर पर कल बैठेंगे बीएलओ, लेंगे दावे-आपत्तियां

**कानपुर देहात।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत रविवार को जनपद के समस्त पदाभिहित स्थलों और मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया जाएगा। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) संबंधित मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर आमजन से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। दावे एवं आपत्तियां निर्धारित अवधि में प्राप्त की जा रही हैं। अंतिम तिथि 6 मार्च निर्धारित है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 22 फरवरी (रविवार) को जनपद के समस्त पदाभिहित स्थलों/मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया जाएगा। बीएलओ आमजन से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे। विशेष अभियान दिवस पर संबंधित मतदान केंद्रों पर 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली उपलब्ध रहेगी।

# बैरी सवाई में अतिक्रमण पर चला चाबुक, हटाया निर्माण

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** बैरी सवाई में पूर्व प्रधान वीरेंद्र तिवारी को सड़क पर बैठाकर मारपीट करने वाले प्रधानपति हनीफ मोहम्मद के अवैध कब्जे पर शुक्रवार को बुलडोजर चला। दूसरी तरफ शिवली कल्याणपुर मार्ग पर अवैध मकान को खाली करने के लिए तहसील प्रशासन ने नोटिस चस्पा कर दी है।

एसडीएम राजकुमार पांडेय, तहसीलदार सुनील कुमार व इंस्पेक्टर शीलेंद्र सिंह की मौजूदगी में राजस्व विभाग की टीम शुक्रवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर लेकर मैथा रनियां मार्ग पर स्थित गाटा संख्या 623 में बेशकीमती भूमि पर ग्राम प्रधान पति हनीफ मोहम्मद द्वारा कब्जा कर बनाए गए ढांचे को ध्वस्त करा दिया। एसडीएम ने बताया कि गाटा संख्या अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया गया है। अवैध कब्जा कर बनाए गए मकान को खाली किए जाने हेतु नोटिस चस्पा कर दी गई है। तहसील प्रशासन की कार्रवाई से भूमाफियाओं में हड़कंप है। दूसरी तरफ एक और आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है। प्रतिबंधित लकड़ी जमा होने शिकायत पर फॉरेस्ट रेंजर रसूलाबाद ने मौके जमा लकड़ी की जांच शुरू कर दी गई है।




अतिक्रमण गिराता बुलडोजर। मौके पर मौजूद एसडीम व तहसीलदार। **अमृत विचार**

### शिवली इंस्पेक्टर हटा दिए गए

- पूर्व प्रधान वीरेंद्र तिवारी उर्फ सोनू के साथ हुई मारपीट के मामले में तूल पकड़ जाने के बीच इंस्पेक्टर प्रवीण सिंह को हटा दिया गया। उनको सर्विलांस सेल में तैनाती दी गई है। किसी थाने का चार्ज न दिए जाने पर चर्चा रही कि लापरवाही पर प्रवीण को हटाया गया। साथ ही किसी थाने का चार्ज भी नहीं दिया गया। उनकी जगह पर अमरेंद्र बहादुर सिंह की तैनाती की गई है।



होलिका दहन स्थल का अतिक्रमण हटवाती पुलिस व प्रशासन की टीम।

### होलिका दहन स्थल के पास से हटवाई मीट की दुकानें

**रसूलाबाद :** नगर के प्रमुख होलिका दहन स्थल पर कुछ मीट विक्रेताओं के अतिक्रमण को नायब तहसीलदार शिव दर्शन सिंह के नेतृत्व में गई पुलिस टीम ने हटवाया। बताते चलें कि पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में आजाद नगर निवासी अर्चना, सरिता आदि महिलाओं ने कस्बे के प्रमुख होलिका दहन स्थल पर कुछ मुर्गा मीट विक्रेताओं द्वारा जबरन दुकानें लगा लेने की शिकायत की थी। इसके साथ ही गुरुवार को थाना परिसर में एसडीएम सर्वेश सिंह की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक में भी यह मुद्दा उठाया गया था। होली पर्व निकट होने के चलते उक्त शिकायत के तहत शुक्रवार को नायब तहसीलदार शिवदर्शन सिंह व कस्बा इंचार्ज प्रमोद दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस बल को मौके पर भेजा गया। पुलिस बल ने नगर पंचायत कर्मियों के सहयोग से उक्त अतिक्रमणकारियों मुर्गा मीट विक्रेताओं की दुकानें हटवाकर स्थान खाली करवाया जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

# तालाब में गिरी कार, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

## औरैया जिले से तेरहवीं से लौट रहा था ईको कार सवार कानपुर कल्याणपुर निवासी परिवार

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** शिवली कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की रात बड़ा हादसा हुआ। यहां औरैया जिले के ग्राम सहायल से एक तेरहवीं कार्यक्रम से वापस कल्याणपुर कानपुर लौट रहे परिवार की ईको कार अनियंत्रित होकर शिवली के बैरी सवाई के पास तालाब में जा गिरी। इससे एक ही परिवार के कई लोग कार में फंसे रह गए। मदद मिल पाती, इससे पहले बुजुर्ग दंपत्ति, उनकी बहू व नाती की मौत हो गई। पांच अन्य घायल हैं।

आवास विकास कल्यानपुर कानपुर के रहने वाले राजकिशोर अग्निहोत्री ईको कार से 9 परिजनों के साथ औरैया को निकले थे। बताया गया कि वहां ग्राम सहायल में एक रिश्तेदार की तेरहवीं संस्कार था। उसमें शामिल होने के बाद सभी लोग वापस घर लौट रहे थे। कार शिवली-कल्याणपुर रोड पर बैरी सवाई के पास तालाब में जा गिरी। कार गिरने के बाद उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। अंधेरा होने के कारण आस-पास के लोग हादसे के बारे में देर से जान पाए। काफी देर तक चीखें सुनीं तो तालाब की तरफ ध्यान गया। इसके बाद लोग दौड़े। ग्रामीणों, पुलिस व तहसील कर्मियों के साथ-साथ बजरंग दल व आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने कार सवार लोगों को निकाला। हालांकि निकाले जाने तक कार सवार राजकिशोर अग्निहोत्री (60), उनकी पत्नी स्नेहलता अग्निहोत्री (55), बहू हिमांशु (30) पत्नी अंकुर अगिनहोत्री और शिव अग्निहोत्री पुत्र अंकुर अग्निहोत्री उम्र (2) की मौत हो चुकी थी। शिवली के इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि कृतिका अग्निहोत्री उम्र (30), सुधा पत्नी संजय वाजपेई (45), वानी पुत्री अंकुर (3) कान्हा पुत्र संजय (4), सुधांशु पुत्र राजकिशोर (24) वर्ष को घायल अवस्था में बाहर निकाल लिया गया। एसडीएम राजकुमार पांडेय व तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि घायलों का शिवली में इलाज किया जा रहा है। कुछ घायलों को कानपुर भी भेज दिया गया है। कार राजकुमार अग्निहोत्री चला रहे थे। हादसे के बाद सीएम ने संवेदना व्यक्त की। अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।




अस्पताल में भर्ती वानी व अस्पताल में जांच करती पुलिस। **अमृत विचार**

# बाइकों की भिड़ंत में महिला की मौत, युवती घायल

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** मां के साथ दवा लेने को सीएचसी आ रहे बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हुआ। रसूलाबाद कानपुर रोड पर हसानंद इंटर कॉलेज के समीप पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार लड़की से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार की मां और युवती दोनों घायल हो गए। इसकी सूचना पाकर पुलिस घायलों को सीएचसी रसूलाबाद लाई। यहां महिला की गंभीर दशा के चलते उसे हैलट कानपुर रेफर किया गया लेकिन अस्पताल से कुछ दूर जाकर ही उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने एंबुलेंस के देरी से आने का आरोप लगाकर काफी देर तक हंगामा काटा।

सौंझ निवासी अनुज अपनी मां सरोजनी देवी 50 पत्नी स्वर्गीय रामविलास को दवा दिलाने के लिए सीएचसी रसूलाबाद बाइक से ला रहा था। इसी दौरान रसूलाबाद कानपुर रोड पर हंसानंद इंटर कॉलेज के समीप पेट्रोल पंप के पास माल का पुरवा निवासी बाइक सवार ज्योति 23 पुत्री सुरेश सिंह से टक्कर हो गई वह अचानक पेट्रोल लेने के लिए मुड़ी थी। वह यही तहसील में एक वकील के यहां मुंशीगीरी करने के कारण रसूलाबाद तहसील आ रही थी। इस घटना की सूचना पाकर उप निरीक्षक प्रमोद दीक्षित मौके पर गए और घायलों को रसूलाबाद सीएचसी लाए। वहां डॉक्टर दिलशाद हाशमी ने उसका उपचार किया और घायल महिला सरोजिनी की गंभीर दशा के चलते उसे हैलट कानपुर रेफर किया किंतु सरोजनी के परिजनों की माने तो एंबुलेंस लगभग 2 घंटे बाद यहां से लेकर उसे चली। कुछ ही दूर जाने के बाद उसकी मां सरोजिनी ने दम तोड़ दिया। उसे वापस लेकर एंबुलेंस वाले सीएचसी आए। यहां मृतका के परिजनों ने एंबुलेंस वालों द्वारा 2 घंटे बाद उसकी मां को ले जाने के लिए आने की बात पर जमकर हंगामा काटा। पुलिस के आने पर वह लोग शांत हुए। दूसरी बाइक सवार घायल ज्योति का पैर टूट जाने के कारण उसे भी रेफर किया गया है। सरोजनी की असामयिक मौत पर उसके पुत्र अजीत, अनुज, अंकित व पुत्रियां राधा, करिश्मा, आरती व रचना का रो रो कर बुरा हाल है। उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार दीक्षित ने बताया की शव के पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



हादसे के बाद सीएचसी में हंगामा करते परिजन। **अमृत विचार**

- **कानपुर रोड पर एक इंटर कॉलेज के पास हुआ हादसा**

# डीएम की अध्यक्षता में आज मैथा में होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**कानपुर देहात।** शनिवार को मैथा तहसील में जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को किया जाता है। इसमें जिलाधिकारी द्वारा क्रमानुसार प्रत्येक तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जाती है। पुलिस अधीक्षक व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य तहसीलों में जिलाधिकारी द्वारा निर्गत निर्धारित रोस्टर के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी अथवा जिलाधिकारी द्वारा नामित किसी अपर जिलाधिकारी द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। शेष तहसीलों में संबंधित उपजिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जाएगी, जिसमें संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी व तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। शनिवार को को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील मैथा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। तहसील रसूलाबाद में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील सिकंदरा में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, तहसील अकबरपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

### बताए दिशा-निर्देश

- **कानपुर देहात।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने एसआईआर को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। दलों के प्रतिनिधियों से विशेष अभियान के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता बढ़ाने तथा अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को सक्रिय करने को कहा।

# योजनाओं के लाभार्थियों को बांटा गया 4,218 लाख रुपये का ऋण

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** माती के ईको पार्क परिसर में शुक्रवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के तत्वावधान में वृहद ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी कपिल सिंह द्वारा की गई। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। कई बैंकों एवं संबंधित विभागों ने शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं टूल किट प्रदान किए गए।

संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं एवं कृषकों को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध रखा जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र आवेदक लाभान्वित हो सकें और जनपद के आर्थिक सशक्तिकरण को गति मिल सके। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों से अपील की कि वह प्राप्त ऋण का सदुपयोग कर स्वरोजगार स्थापित करें तथा समय पर ऋण का पुनर्भुगतान सुनिश्चित करें, जिससे अन्य पात्र व्यक्तियों को भी योजनाओं का लाभ मिल सके।

शिविर में विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 4218 लाख रुपए के ऋण वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त विश्वकर्मा योजना अंतर्गत लाभार्थियों को टूल किट का वितरण किया गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख अमर पाल, बैंक ऑफ बड़ौदा के उप-क्षेत्रीय प्रमुख संतोष कुमार, नाबार्ड के डीडीएम राहुल यादव, उपाध्यक्ष (उद्यान) प्रभात यादव, उप-निदेशक (कृषि) हरीशंकर भार्गव, जिला उद्यान अधिकारी बलदेव प्रसाद आदि उपस्थित रहे। लाभार्थियों को विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



लाभार्थी को चेक देते अधिकारी। **अमृत विचार**

# 9वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** रसूलाबाद कस्बे के गांधीनगर मोहल्ले में कक्षा नौ के छात्र ने घर के कमरे के पंखे के कुंडे में दुपट्टे से फांसी लगा आत्महत्या कर ली। उसके माता-पिता और छोटा भाई शाम को विवाह समारोह में शामिल होने कानपुर गए थे। पिता के कहने के बावजूद उसने वहां जाने से इंकार कर दिया था। सुबह बेटे की असामयिक मौत का समाचार पाकर परिवार में कोहराम मच गया। पिता के शव का पोस्टमार्टम न कराए जाने की बात लिखकर देने पर उसका शव परिजनों को सौंपा।

कठारा निवासी करुणा शंकर अपने परिवार के साथ रसूलाबाद के मोहल्ला गांधीनगर में रहते हैं। गुरुवार शाम वह अपनी बुआ के नाती के विवाह समारोह में शामिल होने पत्नी रुचि व छोटे पुत्र हर्ष के साथ कानपुर गए थे। उन्होंने अपने बड़े पुत्र कृष्णा 14 वर्ष से भी विवाह में चलने की बात कही थी किंतु उसने इंकार कर दिया। कृष्णा यहीं आरपीएस इंटर कॉलेज रसूलाबाद में कक्षा 9वीं का छात्र था। घर पर वह और उसके अविवाहित चाचा जयशंकर थे। बताया गया कि उसके पिता की जनरल स्टोर की बड़ी दुकान है। शुक्रवार को कृष्णा दुकान पर बैठा था। दुकान बंद करने के बाद बिक्री के रुपये उसने सुरक्षित रख दिए। इसके बाद रात्रि में वह मकान की दूसरी मंजिल में अपने बेडरूम में बेड पर स्टूल रख कर पंखे के कुंडे में दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की। कृष्णा की असामयिक मौत शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम न कराने के बात लिखकर दे दी। इस पर पुलिस में शव परिजनों को सौंप दिया है। कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार दीक्षित ने बताया की पिता के द्वारा शव का पोस्टमार्टम न कराए जाने की बात लिखकर देने पर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**परखी व्यवस्था** | डीएम कपिल सिंह ने भोगनीपुर तहसील का किया निरीक्षण

# अभिलेखों के रख-रखाव की तरफ संजीदगी बरतें कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** शुक्रवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह ने तहसील भोगनीपुर का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रखरखाव एवं जनसेवा से संबंधित व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों का अवलोकन करते हुए अभिलेखों एवं पत्रावलियों की स्थिति की गहन समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कर्मचारियों से अलमारियां खुलवाकर डीएम ने पत्रावलियों के रखरखाव की जांच की। अभिलेख सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रेणीबद्ध ढंग से संधारित करने के निर्देश दिए।

रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, अभिलेखों के वैज्ञानिक संरक्षण एवं व्यवस्थित संधारण पर विशेष बल दिया। नजारत शाखा एवं संग्रह अनुभाग का भी निरीक्षण कर राजकीय अभिलेखों एवं सामग्रियों के रखरखाव की जानकारी प्राप्त की तथा लंबित पत्रावलियों के शीघ्र एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सब रजिस्ट्रार के अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, रजिस्ट्री कक्ष, मतदाता पंजीकरण कक्ष, अभिलेखागार, चकबन्दी कार्यालय आदि तथा एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) से संबंधित कार्यों का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को पूरी सतर्कता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। रजिस्ट्री कक्ष में दस्तावेजों के पंजीकरण कार्य को सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित करने पर बल दिया। तहसील परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसील में आने वाले आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने उपस्थित उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से जनसुनवाई की जाए तथा फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन के साथ मधुर व्यवहार रखने, समय से कार्यालय में उपस्थित रहने तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिग्विजय सिंह, उपजिलाधिकारी भोगनीपुर, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम की व्यवस्थाएं जांचते डीएम। **अमृत विचार**

# भक्ति का मार्ग कठिन लेकिन ईश्वर तक पहुंचने का साधन

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** भक्ति का मार्ग अत्यंत कठिन है। जीवन मरण जैसी अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी जो ईश्वर का आश्रय नहीं छोड़ता है वही भक्त प्रहलाद जैसी स्थिति को प्राप्त होता है। उसी को ईश्वर के साक्षात दर्शन होते हैं। पृथ्वी पर मनुष्य को सत्संग से मोक्ष अर्थात जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्ति मिल जाती है। यह बात मुर्री स्थित श्री धनेश्वर धाम मंदिर परिसर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक कृष्णानंद रसिक महाराज ने प्रहलाद की कथा के प्रसंग में कही।

उन्होंने बताया कि हिरण्यकश्यप अपने भाई की मौत का बदला भगवान विष्णु से लेने के लिए ब्रह्मा जी की तपस्या करने के लिए एक वट के नीचे बैठ गया। जहां देव गुरु बृहस्पति तोता का रूप धारण कर वृक्ष पर बैठ गए। और नारायण नाम की रट लगाने लगे। आजिज हिरण्यकश्यप तपस्या छोड़ कर घर आ गया। पत्नी ने पूछा कि आप तपस्या छोड़कर क्यों चले आए तो तोता की बात बताई। पत्नी ने भी भगवान के नाम का जप किया और गर्भ ठहर गया और भक्त प्रहलाद के रूप में बालक का जन्म हुआ। दैत्य कुल में जन्म लेने के बावजूद भी प्रहलाद बचपन से ही भक्ति में लीन हो गए। प्रहलाद को भक्त बनता देख पिता हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को गुरु शुक्राचार्य आश्रम में शिक्षा के लिए भेजा।

एक दिन हिरण्यकश्यप ने पूछा कि भगवान कहां है, प्रह्लाद ने बताया कि भगवान तो कण-कण में व्याप्त हैं। इस खंभे में भी है इतना सुनते ही हिरण्यकश्यप ने खंबे पर घूंसे का प्रहार कर दिया तब भगवान उस खंभे से नरसिंह का अवतार लेकर खंभे से प्रकट हो गए और हिरण्यकशिपु का वध किया। उन्होंने प्रहलाद को गोद में बैठा कर उनसे वर मांगने के लिए कहा तब भक्त प्रह्लाद ने भगवान के चरणों में अनन्य भक्ति और अपने पिता हिरण्यकशिपु सहित सभी पाप आत्माओं का कल्याण मांगा। कथावाचक ने इसके बाद कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। जिसमें भक्तों ने हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के उद्घोषों से सारे पांडाल को कन्हैयामय बना दिया। इसके साथ ही कथावाचक ने बामन चरित्र, समुद्र मंथन सूर्यवंश का वर्णन भी कथा में किया। इस अवसर पर घनश्याम यादव, राहुल, वीरेंद्र, संदीप दीपक, सचिन, आशु, मुकेश, सोनू, मुलायम, कुलदीप, हरिओम, पुरुषोत्तम आदि रहे।



मनुष्य अपनी दुर्बलता से भली-भांति परिचित रहता है, पर उसे अपने बल से भी अवगत होना चाहिये।

— जयशंकर प्रसाद


# अमृत विचार

कानपुर महानगर

www.amritvichar.com

कानपुर, शनिवार, 21 फरवरी 2026


## कानपुर के प्रमुख समाचार


- चमनगंज में 4 मंजिला इमारत की दुकान में लगी भीषण आग-II
- मरीजों की फड़फड़ाती जान, तीमारदार होते परेशान-III
- इंटर के 2062 परीक्षार्थियों ने छोड़ा अंग्रेजी का इम्तिहान -IV



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999




**इफ्तार** शनिवार शाम
सुन्नी : 6:08
शिया : 6:17

**सहरी** रविवार सुबह
सुन्नी : 5:18
शिया : 5:09

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** रमजान-उल-मुबारक में रोजेदार को इफ्तार कराने वाले को रोजेदार के बराबर सवाब (पुण्य) मिलता है।

# एयरोस्पेस में अब और बढ़ेगी शहर की धमक

## राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में फ्रांस के सहयोग से जल्द बनेगा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में स्थापित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) पहले ही विमानों का विनिर्माण कर रहा है, अब जल्दी ही राफेल और मिराज जैसे लड़ाकू विमानों की ओवरहॉलिंग, मरम्मत, रखरखाव और मैन्यूफैक्चरिंग में प्रशिक्षण लेकर यहां के युवा एविएशन सेक्टर में अपनी धमक साबित करेंगे।

इसके लिए सीटीआई, गोविंद नगर में स्थित राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) स्थापित करने का फैसला हुआ है। फ्रांस सरकार के सहयोग से खुलने वाले इस केंद्र से शहर में एयरोनॉटिक्स और डिफेंस सेक्टर में कौशल विकास की नई राह खुलेगी। भारत सरकार की योजना इसे ऐसे विश्व स्तरीय संस्थान के रूप में विकसित करने की है, जो देश के एविएशन स्किलिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने के साथ तेजी से बढ़ते एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र में अपनी उपलब्धि सुनिश्चित कर सके।



राफेल और मिराज के कल-पुर्जे बनाना सीखेंगे एनएसटीआई के छात्र

अमृत विचार ने पहले भी छापी थी खबर।



राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान की बनेगी अलग पहचान। अमृत विचार

- **रॉफेल और मिराज जैसे लड़ाकू विमानों की ओवरहॉलिंग और मैन्यूफैक्चरिंग सीखेंगे युवा**
- **केंद्र में एयरोनॉटिक्स व डिफेंस इकोसिस्टम के लिए तैयार होंगे उन्नत और कुशल पेशेवर**

### दसॉल्ट की मदद से एरोनॉटिकल स्ट्रक्चर एंड इक्विपमेंट कोर्स

- राफेल, मिराज और फाल्कन जैसे लड़ाकू विमान बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी दसॉल्ट एविएशन के सहयोग से राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में एरोनॉटिकल स्ट्रक्चर एंड इक्विपमेंट फिटर (एएसईएफ) पाठ्यक्रम पहले ही शुरू किया जा चुका है। भारत सरकार के साथ हुए समझौते के तहत कंपनी ने इस कोर्स के तहत छात्रों को लड़ाकू विमानों के एयरो स्ट्रक्चर, कॉकपिट फिटिंग, विंग फिटिंग और बॉडी स्ट्रक्चर फिटिंग का प्रशिक्षण देने पर दो वर्ष पूर्व सहमति प्रदान की थी। इसके लिए कंपनी के दो अधिकारियों ने संस्थान का दौरा किया था। इसी के बाद संस्थान ने क्राफ्टमैन ट्रेनिंग स्कीम के तहत एरोनॉटिकल स्ट्रक्चर एंड इक्विपमेंट फिटर कोर्स का शेड्यूल जारी किया था।

हाल ही में भारत सरकार ने 114 नए राफेल विमानों की खरीद को मंजूरी दी है, जिनमें से अधिकांश का निर्माण देश में ही किया जाएगा। यह काम जहां नागपुर में होगा, वहीं कानपुर में भारत-फ्रांस की साझेदारी के तहत स्थापित होने वाले अत्याधुनिक एयरोनॉटिक्स और डिफेंस स्किलिंग सेंटर में राफेल जैसे उन्नत विमानों के रखरखाव, मरम्मत और विनिर्माण के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करने के साथ ही देश के एयरोस्पेस इकोसिस्टम के लिए कुशल एविएशन पेशेवर तैयार किए जाएंगे। केंद्र में एयरपोर्ट संचालन, रक्षा विनिर्माण और संबंधित क्षेत्रों में भी उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार की इस पहल से युवाओं को एयरोनॉटिक्स, डिफेंस और उन्नत विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए तेजी से तैयार किया जा सकेगा।

**फ्रांस के साथ संयुक्त पाठ्यक्रम, प्रशिक्षकों को उन्नत प्रशिक्षण:** पीएम-सेतु योजना के तहत शहर में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय तथा फ्रांस सरकार के बीच लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) का आदान-प्रदान किया गया है। इसके तहत केंद्र में प्रशिक्षण के लिए संयुक्त रूप से पाठ्यक्रम तैयार किए जाएंगे, प्रशिक्षकों के लिए अलग से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनकी समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। तकनीक आदान-प्रदान कार्यक्रम, भाषा प्रशिक्षण जैसे विषयों पर आसान समझ विकसित की जाएगी।

### रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी आत्म निर्भरता

- एनएसटीआई में एयरोनॉटिक्स और डिफेंस सेक्टर के लिए बनने वाले एयरोनॉटिक्स स्किलिंग सेंटर को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की पीएम-सेतु योजना के तहत फ्रांस सरकार के सहयोग से बनाया जाएगा। यह पहल 'मेक इन इंडिया' और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ शहर को एयरोस्पेस हब के रूप में विकसित करेगी। वर्तमान में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर अप्लीकेशन, ड्रेस मेकिंग, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक, फिटर, मशीनिस्ट एंड ऑपरेटर एडवांस मशीन टूल, मोटर व्हीकल मैकेनिक, टर्नर तथा वेल्डर जैसे 10 ट्रेडों में एक वर्षीय समयावधि का क्राफ्ट्स इंस्ट्रक्टर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान में अगस्त माह में ऑल इंडिया कॉमन इन्ट्रेंस टेस्ट के जरिए प्रवेश दिया जाता है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग, क्लाउड कम्प्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसे शार्ट टर्म प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाते हैं।

## पूर्व पुलिस आयुक्त पर लगाए आरोप

**कानपुर।** भाजपा नेता भूपेश अवस्थी ने शुक्रवार को पूर्व पुलिस आयुक्त अखिल कुमार पर कई आरोप लगाए। कहा कि सितंबर व अक्टूबर 2024 में पूर्व पुलिस कमिश्नर ने भारी पुलिस बल भेजकर कब्जे का प्रयास किया, लेकिन नागरिकों, रेणुका वाटिका नागरिक समिति के अधिवक्ता डॉ. अखिलेश दुबे के द्वारा किए गए विधिक प्रयासों से वह अपने अभियान में सफल नहीं हुए।

तब तत्कालीन पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कांग्रेसी भूधर नारायण मिश्रा व फर्जी वकील आशीष शुक्ला के साथ सांठगांठ कर अधिवक्ता अखिलेश दुबे पर दबाव बनाया। दबाव में न आने पर पार्क में कब्जा दिए जाने के दृष्टिगत एसआईटी का गठन कर फर्जी मुकदमे में अधिवक्ता अखिलेश दुबे को धोखे से गिरफ्तार किया गया। उनके पुत्र को 15 वर्ष पूर्व एफआर लगे फर्जी मुकदमे में वांछित कर दिया। जब कानपुर सहित पूरे देश में आई लव मोहम्मद के प्रकरण से वातावरण संवेदनशील था। तब अखिल कुमार ने पांच-पांच थाने की फोर्स, पीएसी, भारी पुलिस बल, महिला पुलिस, फायर ब्रिगेड, जेसीबी लगाकर नगर निगम द्वारा निर्मित बाउंड्रीवाल व बड़े पेड़ गिरा दिए। स्थानीय नागरिकों को डाराया व धमकाया गया।

## सिटी ब्रीफ

### हिस्ट्रीशीटर छह माह के लिए जिलाबदर

**कानपुर।** चमनगंज पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सुफियान कनखड़ा के घर के बाहर डुगडुगी पिटवाकर छह माह के जिला बदर किया है। शातिर पर चमनगंज, बेकनगंज समेत शहर के अन्य थानों में कुल 13 मुकदमे दर्ज है। चनमगंज थाना प्रभारी संजय राय ने बताया कि सफियाबाद निवासी हिस्ट्रीशीटर सुफियान कनखड़ा पर वसूली, गाली-गलौज, मारपीट समेत अन्य धाराओं में कुल 13 मुकदमे दर्ज है। बीती फरवरी में शातिर पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई थी। शुक्रवार को उसके घर के बाहर डुगडुगी पिटवाते हुए छ माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई की गई।

### कब्जा मुक्त कराई गई 80 लाख की जमीन

**कानपुर।** कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) के जोनल प्रभारी अधिकारी भूमि बैंक जोन-4 की टीम शुक्रवार को देहली सुजानपुर इलाके में पहुंची, जहां पर टीम ने 4000 वर्गमीटर में ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा की पड़ताल की। यहां आराजी संख्या 1324, 1387 व 1958 पर बाउंड्रीवॉल के जरिए कब्जा किया गया था। केडीए टीम ने तीन बुलडोजरों के माध्यम से ग्राम समाज की भूमि पर हुए बाउंड्रीबॉल के निर्माण को पुलिस की मौजूदगी में ध्वस्त कराते हुए कब्जा खाली कराया।

# पनकी में पकड़ी गई नकली घी फैक्ट्रियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, कानपुर नगर की टीमों द्वारा विशेष छापेमारी एवं जांच अभियान चलाया गया।

शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने कल्याणपुर के आवास विकास तीन एवं पनकी स्थित मकानों में छापेमारी कर हजारों लीटर नकली घी, रैपर समेत नकली घी तैयार करने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री बरामद की। आवास विकास तीन एवं पनकी स्थित मकान में खाद्य विभाग की दो टीमों ने छापेमारी कर वहां चल रही नकली घी की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस दौरान दोनों फैक्ट्रियों के संचालक ने बीमारी का बहाना बनाकर टीम के साथ बातचीत में असमर्थता जाहिर की। साथ ही वह टीम को फैक्ट्री संचालन से संबंधित कोई दस्तावेज भी नहीं दिखा पाए। जिस पर टीम ने एक्स्ट्रा फ्रेश व कुकिंग मीडियम के नाम के रैपर, कई सौ लीटर निर्मित घी समेत नकली घी तैयार करने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री बरामद कर लिया। इस संबंध में असिस्टेंट फूड कमिश्नर संजय प्रताप सिंह ने बताया कि दो फैक्ट्री मिली है एक टीम कल्याणपुर दूसरी टीम पनकी में छापेमारी की। अभियान के दौरान कुल 13,972 लीटर खाद्य तेल, जिसकी अनुमानित कीमत 18,15,110 रुपये है, का नमूना संग्रहण करने के उपरांत उसे जब्त किया गया। इसी प्रकार 1,350 किग्रा रंगीन कचरी जब्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 19,02,860 रुपये आंकी गई है। तिवारीपुर, जाजमऊ स्थित एक कचरी निर्माण स्थल पर छापेमारी में लगभग 1350 किलोग्राम रंगीन कचरी, जिसकी अनुमानित कीमत 87,750 रुपये है। बरामद हुई।



कल्याणपुर में खाद्य सामग्री की जांच करती टीम। अमृत विचार

- **फैक्ट्रियों में हजारों लीटर नकली घी, रैपर व अन्य सामग्री बरामद**
- **दो फैक्ट्रियों पर कार्रवाई, फैक्ट्री का कोई कागज नहीं दिखा पाए**

## गुमटी बाजार में हटा अतिक्रमण

**कानपुर ।** गुमटी गुरुद्वारा क्रासिंग से संत नगर चौराहा तक सड़क के दोनों तरफ दुकानों के अतिक्रमण पर शुक्रवार को नगर निगम ने कार्रवाई की। दस्ते ने 60 से 65 अस्थायी अतिक्रमण को हटाया। हालांकि इस दौरान कुछ लोगों ने विघन डालने का प्रयास किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बल्कि नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के बाद सफाई भी करा दी।

गुमटी गुरुद्वारा क्रासिंग से संत नगर चौराहा तक सुबह से लेकर रात तक जाम के काफी हालात बने रहते हैं, जिसके कारण कई बार वाहन सवार लोगों को गलियों का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन इन गलियों में भी कई बार वाहन सवार जल्दी निकलने की होड़ में आपस में फंस जाते हैं। इसकी मुख्य वजह गुमटी बाजार में अनावश्यक रूप से फैला अतिक्रमण का मकड़जाल है। क्योंकि कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे अतिक्रमण कर रखा है और कुछ ने तो किसी अन्य दुकान वाले जगह दे रखी है।

# घर का सपना साकार करने के लिए माफिया की ठगी से बचाए सरकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भूमाफिया अवैध प्लाटिंग करके लोगों को जमीन बेच देते हैं। इसके बाद जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए कानपुर विकास प्राधिकरण बुलडोजर लेकर कार्रवाई करने के लिए पहुंच जाता है। अधिकतर मामलों में अवैध प्लाटिंग या निर्माण के समय रोक नहीं लगाई जाती, इससे आम लोग ठगे जाते हैं और उन्हें घर का सपना टूटने के साथ बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है।

शुक्रवार को विधान परिषद में सदस्य अरुण पाठक ने भूमाफिया द्वारा अवैध प्लॉटिंग, सरकारी व ग्राम समाज की भूमि पर कब्जों तथा तालाबों और पोखरों की जमीनों की बिक्री जैसे मामलों पर कड़ी चिंता जताते हुए लोगों को ठगने वाली ऐसी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि इस तरह की धोखाधड़ी से बचने के लिए एक समग्र कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए, ताकि लोगों को एक ही स्थान पर जमीन संबंधी सभी सही जानकारी उपलब्ध हो सके और अवैध कब्जों पर रोक लग सके।



अरुण पाठक ने सदन में उठाया मुद्दा।

- **विधान परिषद में अरुण पाठक ने कहा, अवैध प्लाटिंग रोकने के लिए समग्र योजना बनाई जाए**

- सदस्य अरुण पाठक ने प्रदेश में बढ़ते भूमाफिया के मामलों, अधिवक्ताओं की फीस वृद्धि, साइबर अपराध व ऑडिट संवर्ग में पदोन्नति जैसे विषयों पर की चर्चा की मांग

**साइबर अपराधी बुजुर्गों और महिलाओं को बना रहे निशाना:** विधान परिषद में अरुण पाठक ने नियम 115 के तहत प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए कहा कि साइबर ठगी के मामलों में बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक रणनीति, पुलिस को विशेष प्रशिक्षण तथा आमजन को जागरूक करने की आवश्यकता है।

इसी तरह नियम 110 के तहत उन्होंने नगर निगम ऑडिट संवर्ग में पदोन्नति व्यवस्था की विसंगतियों का मुद्दा उठाया और कहा कि कैडर पुनर्गठन के बाद वरिष्ठ लेखा परीक्षकों की पदोन्नति की संभावनाएं प्रभावित हुई हैं, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

# फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं है तो रुक सकती सम्मान निधि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार कृषि और किसानों के हित में लगातार महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। इसी के तहत जिले में सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसमें विशेषकर उन किसानों पर फोकस है, जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे हैं। ऐसे किसानों से कहा जा रहा है कि सम्मान निधि की आगामी किस्त प्राप्त करने के लिए इस माह के अंत तक अपनी रजिस्ट्री जरूर करा लें, अन्यथा उन्हें किस्त मिलने में बाधा पैदा हो सकती है।

### जरूरी जानकारी

- जन सेवा केंद्र : निकटतम केंद्र पर जाकर अपना पंजीकरण कराएं।
- आपने गांव में नियुक्त कृषि विभाग के कर्मचारियों की सहायता लें।
- आधार कार्ड, भूमि की वर्तमान खतौनी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर है जरूरी।

### जागरूक किसान बोले

"मैंने सहज जन सेवा केंद्र के माध्यम से अपना पंजीकरण पूरा कर लिया है। अब सम्मान निधि की किस्त रुकने का डर नहीं है।"
**– कौशल किशोर, बिल्हौर ब्लॉक**

कृषि विभाग के सहायक कर्मचारियों के सहयोग से काम बहुत आसानी से हो गया। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह बहुत अच्छी पहल है।
**– सुनील सिंह, ग्राम भीटी हवेली**

किसान इस प्रक्रिया को केवल एक औपचारिकता न समझें। यह किसानों की डिजिटल पहचान है। पीएम किसान सम्मान निधि का निर्बाध लाभ सुनिश्चित करने के लिए सभी किसान फरवरी के अंत तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण करें। जो किसान पंजीकरण से वंचित रह जाएंगे, उन्हें मार्च में आने वाली सम्मान निधि की अगली किस्त मिलने में कठिनाई हो सकती है।
**– आरपी कुशवाहा, भूमि संरक्षण अधिकारी।**




## सिटी ब्रीफ

### मारपीट कर मोबाइल लूटा, 25 दिन बाद दर्ज हुई एफआईआर

**कानपुर।** बाबूपुरवा में ऑटो चालक ने सवारी से मारपीट कर उसका मोबाइल लूट लिया। कल्याणपुर आवास विकास-तीन निवासी सुनील कुमार ने दी तहरीर में बताया कि 24 जनवरी की रात वह रामादेवी से जरीब चौकी जा रहे थे, तभी टाटमील चौराहा पर जाम होने के कारण चालक ऑटो लोको ग्राउंड की ओर सुनसान रास्ते पर ले गया। दूसरे रास्ते पर जाने का विरोध करने पर शिव शक्ति मंदिर के पीछे चालक व उसके साथी ने मारपीट कर मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। अंधेरे के कारण वह वाहन नंबर नहीं नोट कर पाया। पीड़ित के अनुसार 25 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### दो पक्षों में मारपीट की क्रॉस एफआईआर

**कानपुर।** बाबूपुरवा के बगाही टीपीनगर में पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार रात दो पड़ोसियों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष से योगेश गौतम गौतम ने आरोप लगाया है कि राजकुमार, राधा गुप्ता, अश्वनी, अविनाश, गोल्डी व राजू सिंह व राधा देवी आदि ने घर के बाहर जातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडा व लोहे की रॉड से हमला किया। जिसमें उसके भाई पृथ्वीराज व पिता राजेंद्र घायल हुए। वहीं दूसरे पक्ष से राधा देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि योगेश गौतम, पृथ्वीराज, राजेंद्र व अन्य लोगों ने उनके पुत्र को घेरकर मारपीट की। बीच-बचाव में आए पति पर चापड़ व सरिया से जानलेवा हमला कर दिया। परिजनों को सबमर्सिबल की हौद में डुबोने का प्रयास किया। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

### ट्रक की टक्कर से कमानी कारीगर की चली गई जान

**कल्याणपुर।** पनकी रतनपुर निवासी 55 वर्षीय रामकिशन कमानी कारीगर थे। न्यू ट्रांसपोर्ट नगर के पास हाइवे किनारे वर्कशॉप चलाते थे। पैर में चोट लग जाने के चलते इन दिनों उनका बेटा राजकमल ही काम संभालता है। शुक्रवार को वह बैसाखी के सहारे हाइवे किनारे खड़े थे। तभी अज्ञात वाहन उन्हें रौंदता हुआ भाग निकला। घटना में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जेसीपी ने कल्याणपुर थाने का किया औचक निरीक्षण, हालत देखी

**कल्याणपुर।** जेसीपी कानून एवं व्यवस्था डॉ. विपिन ताडा ने शुक्रवार को कल्याणपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हवालात, मालखाना, अभिलेखों का रख-रखाव, साफ-सफाई, सीसीटीवी, कम्प्यूटर कक्ष एवं दंगारोधी उपकरणों की समीक्षा की गई। साथ ही अभिलेखों को अद्यतन रखने एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही मालखाना मुहर्रिर हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार द्वारा रजिस्टरों का उत्कृष्ट रखरखाव एवं वर्दी का सुसज्जित टर्नआउट प्रदर्शित किया गया। जिसकी सराहना करते हुए अपर पुलिस आयुक्त ने उन्हें नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# चमनगंज में 4 मंजिला इमारत की दुकान में लगी भीषण आग

## रमजान के चलते परचून की दुकान में भरा था कई ट्रक माल, इलाके में हड़कंप

कार्यालय संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज स्थित रूपम चौराहा पर एक चार मंजिला बिल्डिंग के नीचे परचून की दुकान में गुरुवार की रात भीषण आग लगी जिससे हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की मदद से क्षेत्रीय लोगों ने बिल्डिंग के लोगों को बाहर निकाला लेकिन परचून की दुकान जलकर खा हो गयी। रमजान के चलते इस परचून की दुकान में कई ट्रक माल भरा हुआ था।



दुकान में भड़की आग पर काबू पाने की कोशिश करते दमकलकर्मी। अमृत विचार

गुरुवार की रात लगभग 3 बजे मिनी कंट्रोल रुम को खबर मिली कि रुपम चौराहा पर परचून की दुकान में आग लगी है। ये परचून की दुकान चार मंजिला इमारत में थी। इस बिल्डिंग में एक दर्जन से अधिक परिवार रहते हैं। घटना के समय लोग तरावीह की नमाज पढ़कर बेखबर सो रहे थे। घटना के समय लोग सहरी की तैयारी कर रहे थे और दुकानें खुल रही थीं। परचून की दुकान से धुआं उठते देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। इसके बाद कर्नलगंज और लाटूश रोड फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और सबसे पहले क्षेत्रीय लोगों की मदद से बिल्डिंग के लोगों को बाहर निकाला गया और फिर बिजली की आपूर्ति बंद कराई गई क्योंकि बगल में ही ट्रांसफामर रखा था जिससे आग खतरनाक रुप ले सकती थी। परचून की दुकान में रमजान के लिए ट्रकों माल भरा था जो जल गया। घटना के समय हजारों की भीड़ एकत्र हो गयी क्योंकि सहरी का समय हो गया था।

- बिल्डिंग खाली कराकर फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया

### दादानगर में बिजली की चिंगारी से फैक्ट्री में भड़की आग

वहीं दूसरी घटना गोविंद नगर क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र दादा नगर में हुई। यहां 178 बी हाईराइज प्रीमियम व चंद्रा माइक्रोप्लास्ट फैक्ट्री में आग लगी जिससे अफरातफरी मच गई। घटना रात 3.06 बजे की है। बताते हैं कि बिजली के बोर्ड में चिंगारी निकली और तारों से सहारे फैक्ट्री तक आग पहुंच गई। आग बढ़ते देख घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। फजलगंज फायर स्टेशन से फायर की गाड़ी मौके पर पहुंची और आधे घंटे में आग पर काबू पाया।

# सेल्स ऑफीसर ने फंदा लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रात में की थी पार्टी, सुबह सोलर पैनल साइड पर उरई जाना था
- एकलौते बेटे की मौत से कोहराम मचा, मौत की वजह स्पष्ट नहीं

**अमृत विचार।** चकेरी में सोलर कंपनी के सेल्स ऑफिसर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एकलौते बेटे का शव फंदे से लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम भेजा। परिजनों ने कहा, रात में उसने घर पर पार्टी की थी। शुक्रवार की सुबह उसे उरई साइड पर जाना था। उसने फांसी क्यों लगाई, इसकी वजह स्पष्ट नहीं है।

चंदन नगर निवासी 28 वर्षीय रिषभ श्रीवास्तव एक सोलर कंपनी में सेल्स ऑफिसर था। उसकी तैनाती नोएडा में थी। परिवार में मां बबिता और बहन साक्षी है। पिता अखिलेश की आठ साल पहले कैंसर से मौत हो चुकी है। ममेरे भाई विशाल व पारिवारिक आंशू ने बताया कि कंपनी की ओर से वह अक्सर दिल्ली और यूपी टूर पर रहता था। शुक्रवार सुबह उसे उरई सोलर पैनल की साइड पर भी जाना था। उससे पहले रात में उसने घर पर पार्टी की थी, जिसमें ममेरे भाई व अन्य को बुलाया था, लेकिन किसी कारण से कोई पहुंच नहीं पाया।



रिषभ श्रीवास्तव।

रिषभ ने अकेले पार्टी की इसके बाद कमरे में सो गया। सुबह बहन ने उसका शव फंदे से लटका देखा तो विशाल को फोन पर घटना की जानकारी दी। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। आंशू के अनुसार गुरुवार देर शाम रिषभ ने कॉल करके नॉनवेज बनाने की बात कही थी। खाने के लिए बुलाया था। एकलौते बेटे का फंदे पर शव लटका देखकर मां अचेत हो गईं। बताया कि रिषभ को मॉडलिंग का भी काफी शौक था। मुंबई से भी होकर आया था। उसने आत्महत्या क्यों की इसका कारण परिजन नहीं बता सके। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीन बार प्रयास के बाद चौथी बार फंदे पर लटका

**कानपुर।** चकेरी के सनिगवां लउवापरुवा में तीन बार प्रयास के बाद चौथी बार अधेड़ ने फांसी लगाकर जान दे दी। 50 वर्षीय चुन्नीलाल सीपीसी माल गोदाम में पल्लेदारी करते थे। परिवार में पत्नी रानीपाल, पांच बच्चे गुड्डू, बबलू, साजन, गुड़िया व बबली हैं। छोटे भाई पप्पू पाल ने बताया कि कुछ दिनों से चुन्नीलाल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। शिवरात्रि के बाद से उनकी हालत ज्यादा बिगड़ गई थी। अजीब हरकत करने लगे थे। तीन दिन पहले भी फंदा कस लिया था, बस लटकने वाले थे, लेकिन देख लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी समझाया था। उससे पहले भी वह दो बाहर आत्महत्या का प्रयास कर चुके थे। अक्सर मरने की बात कहते थे। उन्होंने बताया कि अक्सर उन पर नजर रखी जाती थी, लेकिन गुरुवार देर शाम घर में अकेले थे, तभी मौका पाकर फंदे से लटक गए। चकेरी थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि पल्लेदार ने आत्महत्या की है। जांच की जा रही है।

# डंपर ने स्कूटी सवार बच्चों को रौंदा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

- सेठ मोतीलाल खेड़िया स्कूल के पास हुआ दर्दनाक हादसा
- गंगा बैराज से घूमकर लौट रहे थे दोनों, घर में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** विष्णुपूरी के सेठ मोतीलाल खेड़िया स्कूल के पास शुक्रवार शाम तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया और दोनों को अस्पताल लेकर पहुंची जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। दूसरी स्कूटी पर सवार उसके साथी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो वे हैलट अस्पताल पहुंचे।

प्रेम नगर चमनगंज के कपड़ा कारोबारी का पुत्र अहमद (14), चमड़ा कारोबारी फरद का पुत्र (15) अर्स और मोहल्ले के अरमान को उनके परिजनों ने हलीम मुस्लिम कालेज में तराबी पढ़ने के लिए भेजा था लेकिन वहां जाने के बजाय वे गंगा बैराज चले गए। बैराज से लौटते समय अहमद और अर्स एक स्कूटी पर सवार हो गए जबकि अरमान दूसरी स्कूटी पर था। जब वे सेठ मोतीलाल खेड़िया स्कूल के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। स्कूटी डंपर में फंस गई और कुछ दूर तक घिसटती रही। इससे गंभीर रूप से घायल अर्स और अहमद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी अरमान ने परिजनों को दी। जब तक वे पहुंचते पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल ले गई पर उन्हें वहां मृत घोषित कर दिया गया।



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### गंगा पुल पर कार में टक्कर, विवाद में जाम

**कानपुर।** जाजमऊ में पुराने गंगापुल पर तेज गति डंपर ने कार को टक्कर मार दी। कार क्षतिग्रस्त होने से चालक ने मुआवजे की मांग कर डंपर चालक से भिड़ गया। बीच सड़क विवाद होने पर जाम की स्थिति बनी। जाम लगने पर चालक डंपर छोड़कर भाग निकला, जिससे हाईवे पर उन्नाव की ओर से आने वाले वाहनों का जाम लग गया। सूचना पर थाना व यातायात पुलिस ने डंपर हटाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने डंपर को थाने में खड़ा कराया। कार चालक को तहरीर देने को कहा, लेकिन वह बिना तहरीर दिए चला गया। करीब आधे घंटे बाद हाईवे पर यातायात सामान्य हुआ।

# चारपाई पर मिला शव, हत्या का अंदेशा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घर पर अकेला था युवक, जमीन के मुकदमे में कचहरी गया था पिता
- मुख्य द्वार से कमरों तक दरवाजे खुले और बत्तियां बंद मिलीं

**अमृत विचार।** नवाबगंज में दोस्तों के साथ घूमकर घर लौटे युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घर पहुंचे माता-पिता को एकलौते बेटे का शव चारपाई पर पड़ा देख चीख-पुकार मच गई। पिता ने जमीन के विवाद में बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस ने जांच-पड़ताल की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेजा है।

गिल्लीपुरवा निवासी रामगोपाल निषाद खेती के साथ मजदूरी भी करते हैं। परिवार में पत्नी शकुंतला, शादीशुदा दो बेटियां पूजा, सुधा और एकलौता 20 वर्षीय बेटा सुमित था। पिता के अनुसार पत्नी भी एनआरआई सिटी में काम करती हैं, बेटा सुमित प्राइवेट नौकरी करता था। उन्होंने बताया कि गुरुवार वह जमीन के मुकदमे में कचहरी गए थे, पत्नी काम पर थीं। दोपहर के समय बेटा इलाके के चार युवकों के साथ पार्टी करने गया था। वह पार्टी करके लौटा, उस समय घर पर अकेला था। पिता के अनुसार शाम को वह कचहरी से लौटने के बाद पत्नी को लेने एनआरआई सिटी गए। इसके बाद दोनों लोग घर पहुंचे तो मकान का मुख्य द्वार और अंदर कमरों का दरवाजा खुला था। कमरे में पहुंचे तो देखा कमरे की लाइट बंद थी और बेटा चारपाई पर था। उन्होंने कई बार बेटे को आवाज दी, लेकिन उसमें कोई हरकत नहीं हुई। बत्ती जलाने के बाद बेटे को हिलाया तो उसकी सांसे थमी थीं। शरीर ठंडा पड़ चुका था। रोते-बिलखते बेटे को समीप के अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।



सुमित।



बेटे की हत्या का आरोप लगाकर फफक पड़े पिता।

पिता के अनुसार उनका एनआरआई के पीछे एक बीघा चार बिसवा जमीन है। जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। उन्होंने शक जाहिर किया कि उसी विवाद के चलते बेटे की हत्या की गई है। इससे पहले उनके घर में छोटी बेटी रहती थी। जिसकी बीती चार फरवरी को शादी कर दी है। मौजदू समय में बेटा ही घर पर अकेला रहता था। इसलिए घर पर ही हत्या की गई है। थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

### 11 साल पहले लापता हो गया था एक बेटा

रामगोपाल के अनुसार उनके एक बेटा और गोलू था। जो 11 साल पहले लापता हो गया था। काफी तलाश की, लेकिन उसका आज तक कुछ पता नहीं चला है। सुमित ही उनका एकलौता सहारा था। न कोई कर्ज और न ही उसे कोई समस्या थी। उसकी शादी का विचार कर रहे थे। जमीन के रंजिश में ही बेटे की हत्या की गई है। क्योंकि उनकी जमीन एक करोड़ से ऊपर की है।

# प्यार में तकरार, दसवीं के छात्र ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजैनी में दसवीं के छात्र ने एकतरफा प्यार में इनकार मिलने पर फांसी लगा ली। आत्महत्या से पहले छात्र के मोबाइल पर आखिरी कॉल भी उसी लड़की की मिली। परिजनों ने भी इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम भेजा और जांच के लिए मोबाइल कब्जे में लिया है। छात्र ने 18 फरवरी को हिंदी का पहला बोर्ड पेपर दिया था। बेटे की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मूलरूप से कन्नौज के मानीमऊ निवासी रवींद्र कुमार गौतम प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में पत्नी बबली, बड़ा बेटा अतुल, दो शादीशुदा बेटियां ज्योति, आरती और सबसे छोटा 17 वर्षीय बेटा अर्पित उर्फ आर्यन था। अतुल के अनुसार आर्यन बर्रा स्थित बाल समाज स्कूल में दसवीं का छात्र था। इस समय उसकी बोर्ड परीक्षा चल रही थी। दो दिन पहले उसने हिंदी का पहला पेपर दिया था।



घटना के बारे में जानकारी देते छात्र के पिता और परिजन। अमृत विचार

अतुल के अनुसार गुरुवार वह काम पर गए थे। मां की बच्चेदानी में गांठ होने के कारण पिता उन्हें लेकर डॉक्टर के पास अस्पताल गए थे। डॉक्टर ने कई जांच कराई और ऑपरेशन के लिए कहा था, इसलिए पिता को घर लौटने में देरी हो गई। इस बीच आर्यन घर पर अकेला था। तभी उसने फंदे से लटककर जान दे दी। अतुल ने बताया कि मां के अस्वस्थ होने के कारण घर का कामकाज बाधित था। इसलिए पिता ने गांव से रिश्तेदार महिला को बुलाया था। देर शाम घर पहुंचे रिश्तेदारों ने खिड़की से झांककर देखा तो आर्यन का शव फंदे से लटका मिला। खबर पाकर मां-पिता अस्पताल से घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव फंदे से उतारा।

### फोन की काल डिटेल खंगाल रही पुलिस

परिजनों के अनुसार आर्यन के फोन पर आखिरी कॉल किसी लड़की की आई थी। उस नंबर से पता चला कि आर्यन उससे प्रेम करता था। उसने प्रपोज किया था, लेकिन लड़की ने मना कर दिया। लड़की से बात करने के बाद उसने जान दी है। पुलिस मोबाइल की काल डिटेल खंगाल रही है।

# शादी के ढाई महीने बाद युवती की हुई मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिता बोले, बेटी को सांवली, ऊपरी साया बताकर करते थे प्रताड़ित

**अमृत विचार।** शादी के ढाई माह बाद नवविवाहिता का शव बेड पर पड़ा मिला। खबर पर मायकेवालों में चींख-पुकार मच गई। परिजनों का आरोप है कि 75 दिन में बेटी को ससुराल में खूब प्रताड़ित किया। उसे सांवला बताकर पति दूसरी युवती को ले आया। बेटी पर ऊपरी साया बताया। तीन बार उसे बेरहमी से पीटा, घर से भगा दिया। रिश्तेदारों के दबाव में बेटी को विदा किया तो उसकी हत्या कर दी। सूचना पर रेलबाजार पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम भेजा है।

कैंट के फेथफुलगंज निवासी कुलदीप की शादी बीती पांच दिसंबर को उन्नाव के बांगरमऊ की रहने वाली 23 वर्षीय अंजली से हुई थी। पिता छोटे लाल ने बताया कि गुरुवार देर रात दो बजे उन्हें बेटी के मौत की खबर मिली। तत्काल मौके पर पहुंचे तो बेटी का शव बेड पर पड़ा था। उसके ससुरालियों ने संदिग्ध हालात में मौत होना बताया, लेकिन उसके शरीर पर चोटों के निशान मिले।

छोटे लाल ने आरोप लगाया कि शादी को एक माह भी नहीं बीते थे और बेटी से कुलदीप ने मारपीट की। उसने कहा कि अंजली उसे पसंद नहीं है, क्योंकि उसका रंग सांवला है। इसके बाद उसने कई बार बेटी से मारपीट की। खिचड़ी से पहले बेटी को घर से भगा दिया। आरोप लगाया कि उसके ऊपर ऊपर साया है। रात में वह खुले बाल करके आंगन में खड़ी होती है। बेटी को मायके भेजने के बाद कुलदीप दूसरी युवती ले आया, जिससे उसका प्रेम प्रसंग था।

इसका पता चलने पर विरोध किया। रिश्तेदारों के दबाव में वह बेटी को विदा कराकर ले गया, लेकिन उससे मारपीट की। इसकी जानकारी बेटी ने दी थी। अंजली के भाइयों रजत, सागर व ललित ने आरोप लगाया कि कुलदीप अपनी प्रेमिका से शादी करना चाहता था।

**खुल रही कुंडली** | काकादेव कोचिंग मंडी से शुरू हुआ था शातिर शैलेंद्र की जालसाजी का खेल

# कोचिंग पढ़ाते-पढ़ाते बांटने लगा था डिग्रियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिना परीक्षा दिए हाईस्कूल से लेकर बीटेक, बीफार्मा, एलएलबी समेत अन्य डिग्रियां उपलब्ध कराने वाला सिंडिकेट काकादेव स्थित कोचिंग मंडी से शुरू हुआ। इसके बाद नौ राज्यों में सालसाजी का नेटवर्क फैल गया। कोचिंग मंडी में पढ़ाते हुए सरगना शैलेंद्र छात्रों के पास कराने का ठेला लेने, एडमिशन कराने और फिर बिना परीक्षा डिग्रियां बांटने लगा था। उसके बाद साकेतनगर में कार्यालय बनाया, फिर उसकी शाखाएं नेटवर्क वाले हर प्रदेश में खुलीं।

शैलेंद्र और उसके सिंडिकेट से जुड़े शातिर विश्वविद्यालयों के लिपिकों व कर्मचारियों के संपर्क में आकर फर्जी डिग्रियां और मार्कशीट बनाने लगे। वांछित आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी है। किदवई नगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि मूलरूप से रायबरेली के ऊंचाहार का रहने वाला शैलेंद्र वर्ष 2010 तक काकादेव में गणित की कोचिंग पढ़ाता था, यह बात सामने आई हैं। इसी दौरान शैलेंद्र कई निजी विवि के संपर्क में आया और उनके लिए एजेंट के रूप में काम शुरू किया।

निजी विश्वविद्यालयों में कम फीस पर बीटेक, एमटेक, बी-फार्मा, डी-फार्मा समेत अन्य कोर्स के लिए कमीशन पर दाखिले करवाने लगा था। जिसके जरिए वह छतरपुर के आरोपी मयंक भारद्वाज, हैदराबाद का मनीष उर्फ रवि, गाजियाबाद का विनीत, भोपाल का शेखू उर्फ ताबिश, नागेंद्र, जोगेंद्र व अश्वनी के संपर्क में आया। इसके बाद 2012 से शैलेंद्र ने फर्जी डिग्री-मार्कशीट बनाकर बेचने वाला गिरोह खड़ा किया।

### 23 को परीक्षा, दांव पर लगा छात्रों का भविष्य

फर्जी डिग्रियां बांटने का सरगना शैलेंद्र के सिंडिकेट का खुलासा होने पर शहर के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट छात्रों में भी हड़कंप मचा है। इसका पता शुक्रवार को चला, जब एक पीड़ित थाने पहुंचा। उसने बताया कि वह मूलरूप से आजमगढ़ जनपद का रहने वाला महेंद्र यादव है, जो क्षेत्र के एक शौचालय में चौकीदार है। उसने बताया कि उनका परिवारिक भाई प्रभात यादव काकादेव से नीट की तैयारी कर रहा है। उसने गणित से इंटर किया था। अब उसे जीव विज्ञान से करना था। कोचिंग के दौरान ही वह शैलेंद्र के संपर्क में आया। शैलेंद्र ने उससे चार हजार रुपये लेकर प्राइवेट फार्म भरवाया था। 15 फरवरी को प्रवेश पत्र लेने के लिए प्रभात ने शैलेंद्र से संपर्क किया तो वह टालमटोल करने लगा। 23 फरवरी को भाई की परीक्षा है, लेकिन उसे यह नहीं पता कि शैलेंद्र ने फार्म किस कालेज से भरवाया है। अगर वह परीक्षा नहीं दे पाया तो उसकी नीट की तैयारी का खर्च व पूरा साल बर्बाद हो जाएगा। ऐसे पता नहीं कितने छात्र हैं जिनके भविष्य पर दांव लगा है।

### 40 प्रतिशत कमीशन पर करता था काम

पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि डिग्रियां उपलब्ध कराने वाला सिंडिकेट 40 प्रतिशत कमीशन पर काम करता था। फर्जी डिग्रियों से होने वाली कमाई का 60 प्रतिशत विश्वविद्यालयों के लिपिक, कर्मचारियों के पास जाता था। सरगना शैलेंद्र ने पहले एडमिशन एजेंट के रूप में काम शुरू किया था। इसके बाद पैठ बनने पर तमाम विश्वविद्यालयों के लिपिकों और कर्मचारियों के संपर्क में आने के बाद वह फर्जी डिग्रियां और मार्कशीट का कारोबार करने लगा।

# पत्नी से विवाद के बाद दी जान

**कल्याणपुर।** पनकी में युवक ने पत्नी से विवाद होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचे पलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



अरुण।

सचेंडी भैलामऊ निवासी 36 वर्षीय अरुण पनकी के कटरा गांव में किराए पर रहकर प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी सोनी व तीन बेटियां हैं। शुक्रवार को शराब के नशे में घर आए अरुण का पत्नी से विवाद हो गया। जिससे नाराज अरुण दूसरे कमरे में चला गया, जहां उसने पंखे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी सोनी ने बताया कि पति शराब के लती थे। जिसका विरोध करने पर वह अक्सर गाली गलौज व मारपीट करते थे।

मौके पर पहुंचे पुलिस पर फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर पत्नी से पूछताछ की। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि दंपती के बीच विवाद की बात सामने आई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई क जाएगी।



## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, चित्रकूट।

पत्रांक 1709/जि0का0अधि0 / आ0बा0 चयन / 2025–26, दिनांक: 19 फरवरी, 2026

### अंतिम तिथि का विस्तारीकरण

निदेशालय पत्रांक सी–4332/बा0 वि0 परि0 / आ0 बा0/ नियुक्ति/2025–26 दिनांक 27.01.2026 के अनुपालन में नवीन चयन प्रक्रिया से आच्छादित जनपद चित्रकूट में आंगनवाडी कार्यकत्रियों के 86 रिक्त पदों पर पात्र आवेदिकाओं से विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in/ पर आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु कार्यालय विज्ञप्ति संख्या सी–1644 दिनांक 31.01.2026 के द्वारा विज्ञप्ति अपलोड की गयी थी, जिसकी अन्तिम तिथि 22.02.2026 निर्धारित है।

अतएव उक्त विज्ञप्ति संख्या सी–1644 दिनांक 31.01.2026 के सापेक्ष आंगनवाडी कार्यकत्रियों के 86 पदों हेतु पात्र आवेदिकाओं द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 04.03.2026 के 12:00 PM बजे तक विस्तारित की जाती है।

विज्ञप्ति की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

(पी0डी0 विश्वकर्मा)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
चित्रकूट।

# मरीजों की फड़फड़ाती जान, तीमारदार होते परेशान

## संस्थान में कैंसर की कई महत्वपूर्ण जांचों की सुविधा उपलब्ध नहीं, जरूरत की दवाएं भी मयस्सर नहीं

**250** मरीज औसतन रोज पहुंचते हैं

**25** पदों को भरने की डिमांड लंबित पड़ी

**जेके कैंसर संस्थान**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े कैंसर संस्थान में शुमार जेके कैंसर संस्थान बदहाली से जूझ रहा है। यहां पर कैंसर संबंधित कई महत्वपूर्ण जांच नहीं की जा रही है। इसके अलावा दवाओं की भी कमी है। यहां न सिर्फ जांच के लिए मरीजों को अन्य अस्पताल व पैथोलॉजी जाना पड़ रहा है, बल्कि दवाएं भी अब तो बाहर की लिखी जा रही हैं। जबकि संस्थान के निदेशक डॉ.एसएन प्रसाद ने स्पष्ट रूप से आदेश जारी किया है कि कोई भी डॉक्टर बाहर की दवा नहीं लिखेगा।

रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान में प्रतिदिन 200 से 250 मरीजों को सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक ओपीडी में परामर्श तो मिल रहा है, लेकिन दोपहर दो बजे के बाद यहां पर सन्नाटा पसर जाता है। ओपीडी का दवा वितरण कक्ष बंद हो जाता है और जरूरी जांचें तक नहीं की जाती है। ऐसे में अगर किसी



जेके कैंसर संस्थान में दो बजे के बाद बंद दवा वितरण कक्ष। अमृत विचार

मरीज को दवा की जरूरत होती है तो उसे मजबूरन निजी मेडिकल स्टोर से महंगे दमों में दवा खरीदनी पड़ जाती है।

इसके अलावा जांच के लिए मरीजों को करीब डेढ़ किलोमीटर दूर हैलट अस्पताल या निजी पैथोलॉजी में जाना पड़ता है। इसकी मुख्य वजह संस्थान में कैंसर संबंधित जरूरी जांच व दवा के लिए पर्याप्त सुविधा का न होना है। सरकार भी इस संस्थान पर ध्यान नहीं दे रही है। बजट में भी जेके कैंसर संस्थान को कुछ नहीं मिला, जबकि सरकार ने बजट में लखनऊ के कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के लिए खजाना खोल दिया। अब यहां पर सरकार ने 750 करोड़ रुपये की लागत से प्रोटॉन बीम थेरेपी मशीन स्थापित करने की घोषणा की है। संस्थान में लीनियर एक्सिलेटर मशीन तक नहीं है। सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की सुविधा सभी मरीजों को नहीं मिल रही है। कोबाल्ट मशीन का संचालन भी किसी तरह से किया जा रहा है।


संस्थान में इलाज की आस में बैठे मरीज और उनके तीमारदार।

- **ओपीडी का समय खत्म होने के बाद पसर जाता सन्नाटा**
- **प्राइवेट मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीदने को मजबूर लोग**

### इन पदों पर तैनाती हो तो बने कुछ काम

- जेके कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. एसएन प्रसाद के मुताबिक सर्जन अंकोलॉजिस्ट के दो पद, रेडियोलॉजिस्ट का एक पद व एमएससी नर्सिंग के तीन पद संस्थान में खाली है। शासन को पत्र लिखकर छह सीनियर रेजिडेंट, छह रेडियोथेरेपिस्ट, सात सर्जकिल अंकोलॉजिस्ट व आदि की मांग की जा चुकी है। लीनिसर एक्सीलेटर के संबंध में भी पत्र लिखा गया है। वर्तमान में कीमोथेरेपी हो रही है। कैंसर की जांच करने के लिए बॉयोप्सी की जा रही है। शासन से हाल में ही एक खुशखबरी मिली है कि जल्द ही संस्थान में 30 से 35 स्टाफ की तैनाती की जाएगी।

### क्या कहते हैं माननीय


जेके कैंसर संस्थान की बदहाली दूर कराने के लिए विधानसभा में मुद्दा उठाया जा चुका है। अब तक इसकी बदहाली क्यों नहीं दूर की गई और बजट में भी इसको दूर क्यों रखा गया? इसका जवाब विधानसभा में मांगा जाएगा।
**-अमिताभ बाजपेई, विधायक सपा**


जेके कैंसर संस्थान में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए विधानसभा में बात रखी जा चुकी है। इसके अलावा हैलट को एम्स बनाने का मुद्दा भी उठाया जा चुका है, ताकि मरीजों को और अच्छा इलाज मिले।
**-अभिजीत सिंह सांगा, विधायक भाजपा**


जेके कैंसर संस्थान में मरीजों को कैंसर संबंधित सभी प्रकार की जांचों व इलाज की सुविधा मिले, इसके लिए प्रयास किया गया है। जल्द ही सरकार कैंसर संस्थान की स्वास्थ्य सुविधाओं को अपग्रेड करने का काम करेगी।
**-देवेंद्र सिंह भोले, सांसद**


जेके कैंसर संस्थान में शहरी और ग्रामीण दोनों जगहों से मरीज इलाज के लिए आते हैं, ऐसे में अगर वहां कैंसर संबंधित जरूरी जांच व इलाज नहीं हो रहा है तो सरकार से सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रयास किया जाएगा।
**- राहुल बच्चा सोनकर, विधायक भाजपा**

## सिटी ब्रीफ

### आज इन इलाकों में नहीं आएगी बिजली

**कानपुर।** स्वरूप नगर, कमल चौराहा, शास्त्री नगर सेंटल पार्क व महाबलीपुरम के मोहनी मडवाड़ी में बिजली सुबह 10 बजे से शाम को चार बजे तक नहीं रहेगी। इसके अलावा तिवारी घाट, लाइट हाउस, रतनलाल नगर, गोपाल नगर, सिंहपुर व नवशील धाम में बिजली सुबह 10 बजे से शाम को पांच बजे तक गुल रहेगी।

### तकनीकी समस्या से यहां गुल रही बत्ती

**कानपुर।** शहर के बारासिरोही उपकेंद्र के न्यू बारा सिरोही, न्यू गूबा गार्डन, माधवपुरम, बंबा रोड व रतन पैनोरमा में बिजली पावर ट्रांसफार्मर में तकनीकी समस्या आने के कारण सुबह आठ बजे गुल हो गई, जो 10 बजे आई। वहीं, बर्रा विश्व बैंक के ई व डी ब्लाक में बिजली दोपहर एक बजे से शाम को पांच बजे तक नहीं रहेगी, जिसकी वजह से क्षेत्र के लोगों को परेशानी हुई।

### छात्रों ने किया दौरा

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने आईआईटी इन्क्यूबेशन सेंटर का दौरा किया। इंडस्ट्रियल विजिट की शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रो सुधांशु पांडया, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो अंशु यादव एवं प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ सिधांशु राय द्वारा किया। गया। निदेशक प्रो सुधांशु पांडया ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को नवाचार, उद्यमिता और उद्योग-शिक्षा सहयोग के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।

### वैज्ञानिकों ने दिए टिप्स

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में चल रहे पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। निदेशक प्रसार डॉ वीके त्रिपाठी ने किसानों को वर्तमान परिस्थिति के अनुसार खेती करने की सलाह दी। वे अपनी आमदनी को सुरक्षित बनाए रखने के लिए कृषि विविधीकरण अपनाना आवश्यक है। गांवों में मधुमक्खी पालन, गोपालन, बीज उत्पादन, केले की खेती, ड्रैगन फ्रूट आदि नवीनतम तकनीकों का प्रयोग करें। जिससे आमदनी में इजाफा हो।

# शहर के पर्यटन विकास पर होगा मंथन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के पर्यटन के स्वरूप को बेहतर करने के लिए 22 को विशेष मंथन होगा। कई क्षेत्रों के विशेषज्ञ एक साथ मिलकर पर्यटन को बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। इस चर्चा में चुनौतियों को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा नए उभरते हुए पर्यटन के आयामों को भी विचारों में जोड़ा जाएगा।

सोसाइटी फॉर टूरिज्म डेवलपमेंट की ओर से 22 को होटल प्रिस्टीन में कानपुर टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित होगा। इसमें कमिश्नर के विजयेद्र पाडियन मौजूद रहेंगे। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होंगे। मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. आईएम रोहतगी, आरोहम के संस्थापक डॉ. उमेश


इंद्रमोहन रोहतगी।


उमेश पालीवाल।


मनोज गुप्ता।

पालीवाल, एमकेयू के चेयरमैन मनोज गुप्ता, यूपी स्टेट हैंडलूम कॉरपोरेशन के एमडी प्रमोद चंद्र ठाकुर, केएचजीएसआरए के प्रेसिडेंट एसएस मलिक विचार रखेंगे। संस्था के फाउंडर व चीफ क्वार्डिनेटर डॉ. सुधांशु राय ने बताया कि शहर में पर्यटन के लिए काफी संभावनाएं हैं। इसके बावजूद शहर वह स्तर नहीं छू सका है। ऐसे में यह जरूरी है कि शहर के बेहतर स्वरूप को सामने लाने के लिए मंथन हो। इस कॉन्क्लेव में सभी क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ शहर में पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने के लिए अपने सुझाव देंगे। कॉन्क्लेव में शहर के पारंपरिक पर्यटन पर मंथन करने के साथ ही नए अवसर जैसे मेडिकल टूरिज्म के साथ ग्रामीण क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ाने पर खासतौर पर चर्चा होगी। औद्योगिक पर्यटन को बेहतर करने पर चर्चा होगी।

# 465 आवासीय भूखंडों के लिए 2615 आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर विकास प्राधिकरण के अटल बिहारी सभागार में शुक्रवार को ई-लॉटरी का आयोजन किया गया, जिसमें शताब्दी नगर सेक्टर-3, जवाहरपुरम् सेक्टर-4, जवाहरपुरम सेक्टर-1 व जवाहरपुरम् सेक्टर-1ए के विभिन्न श्रेणी के 465 आवासीय भूखंडों की ई-लॉटरी कराई गई। इन भूखंड़ों के लिए 2615 लोगों ने आवेदन किया, जो आवासीय भूखंडों के मुकाबले पांच गुना अधिक है।

कानपुर विकास प्राधिकरण ने 24 अक्टूबर 2025 को शताब्दी नगर सेक्टर-3 के विभिन्न श्रेणी के 69 भूखंड, जवाहरपुरम् सेक्टर-4 के 196 भूखंड, जवाहरपुरम सेक्टर-1 के 56 भूखंड और जवाहरपुरम् सेक्टर-1ए के 144 भूखंडों की ई-लाटरी के लिए विज्ञप्ति प्रकाशित की थी, जिसमे 60 वर्गमीटर से 300 वर्गमीटर तक के भूखंड सम्मिलित किये गये थे। ई-लॉटरी होने से किसी भी आवेदक को प्राधिकरण या बैंक जाने की आवश्यकता नहीं थी और घर बैठे इंटरनेट के माध्यम से आवेदन किया जा सकता था, जिसके कारण कानपुर नगर व आसपास के शहरों के आवेदकों ने 465 भूखंडों के सापेक्ष पांच गुना से अधिक 2615 आवेदन फार्म भरे गए।


मोबाइल पर ई-लॉटरी की प्रक्रिया देखते आवेदक। अमृत विचार

शुक्रवार को केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गब्र्याल की मौजूदगी में आवेदकों के सामने ई-लाटरी पारदर्शिता के साथ सम्पादित करायी गई, जिसका एलईडी टीवी पर लाइव प्रसारण किया गया। वहीं, जो आवेदक सभागार में नहीं आ सकते थे, उनके लिए यू-ट्यूब पर केडीए के ऑफिशियल चैनल पर लाइव स्ट्रीमिंग भी करायी गयी। इन भूखंडों की बिक्री से प्राधिकरण को करीब 215.00 करोड़ की आय होगी। ई-लॉटरी के दौरान सचिव अभय कुमार पाण्डेय, मुख्य अभियंता आरआरपी सिंह, मुख्य नगर नियोजक मनोज कुमार, विशेष कार्याधिकारी सत् शुक्ला, विशेष कार्याधिकारी मीनाक्षी गुप्ता, सहा. लेखाकार अखिलेश मिश्रा व विक्रय जोन-2बी का स्टॉफ रहा।


निजी हॉस्पिटल के बाहर टीम के साथ नोडल अधिकारी डॉ .रमित रस्तोगी।

# चकेरी के तीन प्राइवेट अस्पतालों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **चकेरी के तीन अस्पतालों को नोटिस, दो को दी हिदायत**
- **स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नौ निजी अस्पतालों का किया निरीक्षण**
- **दो निजी अस्पतालों पर दो बच्चियों की मौत होने के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग**

**अमृत विचार।** जिले के दो निजी अस्पतालों पर दो बच्चियों की मौत होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अभियान का संचालन तो किया जा रहा है, लेकिन यह काफी समय बीतने के साथ सुस्त नजर आ रहा है। निजी अस्पतालों पर निरीक्षण करने की संख्या दिन पर दिन कम होती जा रही है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चकेरी क्षेत्र में नौ अस्पतालों का निरीक्षण किया, जिसमे से तीन को नोटिस और दो अस्पतालों को हिदायत दी गई।

बिठूर के राजा हॉस्पिटल में नवजात की जलकर मौत होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निजी अस्पतालों के खिलाफ अभियान का संचालन शुरू किया था और कल्यानपुर और चकेरी क्षेत्र में 100 से अधिक निजी अस्पतालों में निरीक्षण करीब 50 अस्पतालों को नोटिस जारी किया था। इसी बीच चौबेपुर के प्रकाश नर्सिंग होम में एक और बच्ची की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को प्रकाश नर्सिंग होम को सील किया और शुक्रवार को टीम ने सीएमओ कार्यालय के पास संचालित किए जा रहे नौ अस्पतालों का चकेरी पुलिस के साथ गहनता से निरीक्षण किया।

नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ.रमित रस्तोगी ने बताया कि निरीक्षण में रामादेवी स्थित मॉडर्न ऑर्थो हॉस्पिटल व मोहिनी हॉस्पिटल में डॉक्टर मौके पर उपस्थित नहीं मिले। सूर्य हॉस्पिटल के आईसीयू के स्टाफ आईसीयू ड्रेस नहीं पहने हुए थे। इसलिए तीनों अस्पतालों को नोटिस जारी कर तीन कार्य दिवस में जवाब मांगा गया है।

वहीं, लक्ष्मी हॉस्पिटल व बेबी केयर हॉस्पिटल बिना पंजीकरण संचालित मिला। यहां पर जब पूछताछ की गई और दस्तावेज चेक किए गए तो पता चला कि पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया है, जिसपर निरीक्षण अधिकारी ने बिना पंजीकरण कराये चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित नहीं किए जाने की सख्त हिदायत दी। बताया कि यह अभियान जारी रहेगा।

# जनगणना का पहला चरण 22 मई से शुरू होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एक माह चलने वाली जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी**
- **पहली बार नागरिकों को स्वगणना का विकल्प दिया गया**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में पहले अप्रैल के महीने में जनगणना कराने की तैयारी की गई थी लेकिन पंचायत चुनाव में हो रही देरी के चलते जनगणना का काम अब 22 मई से शुरु होगा जो पूरे एक माह चलेगा। इस कार्य में जिला प्रशासन ने 13 हजार से अधिक कर्मियों को तैनात करने की तैयारी की है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विवेक चतुर्वेदी के मुताबिक अपने शहर में जनगणना का पहला चरण 22 मई से शुरु होगा जो 20 जून 2026 तक चलेगा। इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी और पहली बार नागरिकों को स्वगणना का विकल्प दिया गया है। जनगणना से पूर्व 15 दिनों की अवधि में नागरिक सेंसस सेल्फ एन्युमरेशन पोर्टल एवं एप के माध्यम से स्वयं अपनी गणना कर सकेंगे। बीते दिनों इसको लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नवीन सभागार में बैठक हो चुकी है जिसमें जनगणना की समयसीमा, कार्ययोजना और डिजिटल प्रक्रिया को लेकर मंथन किया गया था।

### जनगणना में 33 प्रकार के कॉलम में देना होगा जवाब

- सरकार के निर्धारित ऑनलाइन प्रश्नावली भरकर कोई भी सामान्य शख्स स्वगणना कर सकता है। घर-सूचीकरण चरण के दौरान सर्वेक्षक भवन के उपयोग, निर्माण सामग्री, कमरों की संख्या, स्वामित्व की स्थिति, जल, विद्युत और शौचालय की उपलब्धता, खाना पकाने के ईंधन के प्रकार तथा फोन, वाहन और टेलीविजन जैसी परिसंपत्तियों से संबंधित कुल 33 प्रकार के विवरण दर्ज करेंगे। मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण 28 फरवरी तक, फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण 31 मार्च तक और प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण हर हाल में 15 मई तक पूर्ण कर लिया जाए। बताते चलें कि पंचायत चुनाव फरवरी 2026 में प्रस्तावित था लेकिन पंचायत चुनाव होने में अभी समय लगेगा, ऐसे में जनगणना का कार्य शुरु हो जाएगा।

जनगणना 2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद की आठवीं जनगणना होगी, जो गांव, शहर और वार्ड स्तर पर प्राथमिक आंकड़ों का सबसे बड़ा और सबसे विश्वसनीय स्रोत होती है। जनगणना का द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा। जनपद में जनगणना कार्य के लिए कुल 13,089 कार्मिकों की तैनाती की जाएगी। इसके माध्यम से जनसांख्यिकीय विवरण, मूलभूत सुविधाएं, आवास की स्थिति, परिसंपत्तियां, धर्म, भाषा, साक्षरता, शिक्षा, आर्थिक गतिविधियां और उर्वरता जैसे विषयों पर सूक्ष्म स्तर का डेटा प्राप्त होता है। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी।

# आरटीओ में एकमुश्त टैक्स जमा करने पहुंचे वाहन स्वामी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **आरटीओ परिसर में 81 वाहन स्वामियों को दी शिविर में राहत**

**अमृत विचार।** संभागीय परिवहन विभाग के सारथी भवन में दो दिनी परिवहन मेले का आयोजन हुआ, जिसमें वाहन स्वामी को टैक्स में बड़ी राहत दी जा रही है। जो टैक्स तिमाही जमा होता था, वह एकमुश्त जमा करने की छूट दी गई है।

शुक्रवार को पहले दिन 81 वाहन स्वामियों की समस्याओं का समाधान किया गया। आरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन विध्यांचल प्रसाद गुप्ता, एआरटीओ आकांक्षा सिंह, यात्री कर अधिकारी दिनेश कुमार एव दीपक सिंह, मोटर यान निरीक्षक संतोष कुमार आदि ने वाहन स्वामियों की शंका का समाधान किया। कुल 6 वाहन स्वामियों ने एकमुश्त टैक्स जमा किया। इस योजना का लाभ देते हुए कुल 4.67 लाख रुपये अर्जित किये। यूपी मोटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष कटारिया, मंत्री गोल्डी गांधी, कानपुर बस एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव पाठक, मंत्री संजय वाजपेयी, अमित अंशवानी, कानपुर लोडर एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्की जायसवाल, उप्र. ई-रिक्शा एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

**व्यापार बंधु की बैठक**

निवेश मित्र के 12 लंबित प्रकरणों पर डीएम ने जताई नाराजगी, अतिक्रमण और मंडी में नुकसान जैसे मुद्दों पर कार्रवाई के निर्देश

# ग्रीन बेल्ट में दोबारा अतिक्रमण होने का व्यापारियों ने उठाया मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की बैठक में शुक्रवार को हुई। बैठक में निवेश मित्र के 12 लंबित प्रकरणों पर डीएम ने नाराजगी जताई। अतिक्रमण और मंडी में नुकसान जैसे मुद्दों पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि औद्योगिक और व्यापारिक क्षेत्रों की समस्याएं किसी भी स्थिति में लंबित नहीं रहनी चाहिए।

बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर समयसीमा के बाद लंबित 12 प्रकरणों की समीक्षा की गई। इनमें सबसे अधिक सात प्रकरण हाउसिंग विभाग के पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। संबंधित विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर विलंब के लिए उत्तरदायी कार्मिकों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। फूड सेफ्टी एंड ड्रग विभाग, यूपीसीडा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा यूपीपीसीएल के लंबित


जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

मामलों को भी तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में औद्योगिक संगठनों आईआईए, फीटा, पीआईए और लघु उद्योग भारती ने एलएलआर तिराहे के पास अंडरपास की ग्रीन बेल्ट में दोबारा अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। एनएचएआई द्वारा कार्रवाई की जानकारी दिए जाने के बावजूद दोबारा कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक एनएचएआई और थाना पनकी को संयुक्त अभियान चलाकर नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

इसी तरह गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन की सड़क लगे ट्रांसफार्मर से आवागमन अवरुद्ध होने का मामला प्रमुखता से उठा। केस्को अधिकारियों ने शिफ्टिंग में लगभग 10 लाख रुपये व्यय का अनुमान बताया। जिलाधिकारी ने धनराशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। विकास नगर मार्केट में शौचालय की मांग पर जिलाधिकारी ने 28 मार्च तक कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि 3.92 लाख रुपये से शौचालय निर्माण के अगस्त 2025 में निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद अभी तक नहीं बन सका है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**झकरकटी बस अड्डे की सड़क सुधरेगी:** झकरकटी बस अड्डे के सामने क्षतिग्रस्त सड़क के कारण जाम की समस्या पर भी संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए, जिससे पुल पर बसों के खड़े होने से उत्पन्न अव्यवस्था समाप्त हो सके। बैठक में फीटा उद्योग व्यापार संघ के महासचिव उमंग अग्रवाल, शिवकुमार गुप्ता, अंकुर आशववानी, सुभाषिनी खन्ना शिवहरे, ज्ञानेंद्र अवस्थी, मनोज बंका, बृजेश अवस्थी, सुनील गुप्ता, विनय अग्निहोत्री, सुरेश गुप्ता, सतीश प्रकाश श्रीवास्तव, विक्रांत अग्रवाल, संदीप अवस्थी सहित उद्योग संघ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### 19 परियोजनाओं पर उठाए गए सवाल

बैठक में नगर निगम क्षेत्र में स्टाम्प शुल्क के सापेक्ष अवस्थापना विकास के लिए प्राप्त होने वाली धनराशि से नगर निगम द्वारा प्रस्तावित योजनाओं लगभग 119 .05 करोड़ रुपये लागत की 19 परियोजनाओं पर उद्यमियों ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कई कार्य तत्काल जनहित की प्राथमिकता में नहीं आते और सौंदर्यीकरण के नाम पर अनावश्यक व्यय प्रतीत होते हैं। प्रस्तावों में पनकी में सांस्कृतिक थीम पार्क (4 करोड़), काकादेव में मेडिटेशन पार्क (1.50 करोड़), झांसी रानी पार्क में सेंसरी पार्क (1.20 करोड़), फूलबाग में गो-कार्टिंग ट्रैक (5.90 करोड़), प्रवेश द्वार व सौंदर्यीकरण (20 करोड़), नाला कवरिंग (12 करोड़) जैसे कार्य शामिल हैं। अन्य मदों सहित कुल प्रस्तावित व्यय 119 करोड़ रुपये से अधिक है। उद्यमियों ने सुझाव दिया कि धनराशि सड़क, जलनिकासी, बाजारों में शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और औद्योगिक आधारभूत ढांचे पर प्राथमिकता से खर्च की जाए।

# इंटर के 2062 परीक्षार्थियों ने छोड़ा अंग्रेजी का इम्तिहान

## हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 2454 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

यूपी बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को परीक्षार्थी सवालों के उत्तर देने में उलझे। खासतौर पर अंग्रेजी के प्रश्न पत्र से परीक्षार्थी परेशान हुए। प्रश्न पत्र को कुछ परीक्षार्थियों ने औसत तो कुछ ने कठिन बताया। अंग्रेजी के प्रश्न पत्र में पूछे गए अनुवाद को परीक्षार्थियों ने सबसे जटिल बताया।

यूपी बोर्ड परीक्षा में इंटर के परीक्षार्थियों ने अंग्रेजी का प्रश्न पत्र हल किया। कड़ी सुरक्षा के बीच केंद्र के भीतर पहुंचे परीक्षार्थी प्रश्न पत्र को समझने में परेशान हुए। प्रश्न पत्र में पूछे गए सामान्य प्रश्नों में जटिल शब्द पाकर छात्र भ्रमित भी हुए। सबसे ज्यादा परेशानी अनुवाद को हल करने में हुई। परीक्षार्थियों ने बताया कि अनुवाद में जटिल शब्दों के होने से उन्हें हल करने के दौरान संशय रहा। परीक्षा के लिए 43780 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 41718 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। इस तरह से 2062 परीक्षार्थियों को अनुपस्थित घोषित किया गया। इसी तरह पहली पाली में हाई स्कूल के परीक्षार्थियों ने सामाजिक विज्ञान का प्रश्न पत्र हल किया। परीक्षा के लिए 46341 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया था। परीक्षा के दौरान 43887 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस तरह से 2454 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटर के परीक्षार्थियो कृषि शास्त्र का प्रश्न पत्र हल किया। यह प्रश्न पत्र 35 परीक्षार्थियों ने हल किया।



शुक्रवार को परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- अंग्रेजी के अनुवाद रहे कठिन जटिल शब्दों ने उलझाया
- इंटरमीडिएट कृषि शास्त्र की परीक्षा में 35 परीक्षार्थी बैठे

**सीबीएसई परीक्षार्थी भी चकराए :** सीबीएसई की परीक्षा में भी छात्र फिजिक्स का प्रश्न पत्र हल करने में चकराए। 12वीं के छात्रों ने बताया कि फार्मूले से संबंधित प्रश्नों को हल करने में उन्हें परेशानी उठानी पड़ी। शुक्रवार को 8560 परीक्षार्थियों को यह पेपर देना था। इनमें 3 छात्र अनुपस्थित घोषित किए गए। 8557 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

## पति ने दूसरी शादी की बेटी होने पर छोड़ा

**कानपुर।** गोविंदनगर में शादीशुदा युवक ने प्रेम जाल में फंसाकर गुपचुप दूसरी शादी कर ली। पहली शादी का पता चलने पर पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि बेटी होने पर युवक ने उसे धमकाया और छोड़ दिया।

कच्ची बस्ती गोविंदनगर निवासी महिला के अनुसार 2023 में उसकी मुलाकात सचेंडी के चकरपुर निवासी युवक से हुई थी। उसने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई। इसका पता चलने पर आरोपी ने अपने परिवार से मिलवाया। इसके बाद शादी का आश्वासन देकर गर्भपात करवा दिया। बाद में युवक शादी के लिए टरकाता रहा। दबाव बनाने पर उसके परिजनों ने गुपचुप एक होटल में अप्रैल 2024 में उसकी शादी करवा दी और सचेंडी में ही किराए पर कमरा लेकर रहने लगा। सितंबर 2025 को उसने एक बेटी को जन्म दिया। बेटी का जन्म होने के बाद पति को तनाव में देखकर उसने वजह पूछी तब उसने पहली शादी के बारे में जानकारी दी। यह भी बताया कि उसका एक बेटा भी है। विरोध करने पर उसने धमकाया। गोविंद नगर कार्यवाहक प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।




उद्घाटन के अवसर पर सांसद रमेश अवस्थी। अमृत विचार

## नई तकनीकों से लैस हुए आई-क्यूआई हॉस्पिटल्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा सांसद रमेश अवस्थी और प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राजेश सचान ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार।** सचान चौराहा स्थित आई-क्यू आई हॉस्पिटल्स ने अपने केंद्र को नई तकनीकों से लैस किया, जिसके केंद्र का उद्घाटन सांसद रमेश अवस्थी व उत्तर प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राजेश सचान ने किया। कहा कि आई-क्यू लगातार आधुनिक तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञों और मरीज केंद्रित सेवाओं के साथ अपने नेटवर्क का विस्तार और उन्नयन कर रही है। आई-क्यू आई हॉस्पिटल्स के संस्थापक व सीएमडी डॉ.अजय शर्मा ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं और उन्नत डायग्नोस्टिक सिस्टम से उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं का लाभ मरीजों को मिलेगा। एसोसिएट मेडिकल डायरेक्टर डॉ. बाबर परवेज खान ने बताया कि जूही कला और स्वरूप नगर स्थित दो अस्पतालों के साथ आई-क्यू शहर में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण नेत्र उपचार को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। क्लिनिकल इंचार्ज डॉ. प्रेमेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र में मोतियाबिंद, रेटिना रोग, ग्लूकोमा, दृष्टि सुधार (रिफ्रैक्टिव) सर्जरी सहित अन्य प्रमुख नेत्र रोगों का उपचार उपलब्ध है। बताया कि देशभर में आई-क्यू आई ने एक करोड़ मरीजों का उपचार किया है।

## सिटी ब्रीफ

### डीएम अंकल को गुलाब देकर आभार जताया

**कानपुर।** कलेक्ट्रेट के जनदर्शन कक्ष शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद विद्यालय लोधर मंधना के छात्र-छात्राएं डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह से मिलने पहुंचे। हाथों में गुलाब और चेहरों पर उत्साह लिए बच्चे उस वादे के लिए धन्यवाद कहने आए थे, जो कुछ सप्ताह पहले किया गया था और निभाया भी गया। कक्षा पांच की अर्पिता, कक्षा छह के अनुराग, कक्षा तीन की दिव्या और कक्षा पांच की आरशी ने आगे बढ़कर डीएम अंकल को गुलाब का फूल भेंट किया।

### डॉ. उमेश पालीवाल रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर चुने गए



**कानपुर।** रोटरी क्लब आफ कॉनपुर सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3110 का असिस्टेंट गवर्नर चुना गया है। उनके सामाजिक कार्यों के लिए यह पद सम्मान के रूप में सौंपा गया है। रोटरी क्लब आफ कानपुर सेंट्रल के चार्टर अध्यक्ष एवं पूर्व मंडलाध्यक्ष डॉ. डीएन रायजादा, क्लब अध्यक्ष जफर इकबाल, सचिव डॉ. नीलम त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष कमल त्रिवेदी, डॉ. यूसी सिन्हा, डॉ. मीरा अग्निहोत्री, डॉ. अवध दुबे, डॉ. बीके गुप्ता, एसडी कुमार, अतुल श्रीवास्तव, जीसी शुक्ला आदि ने बधाई दी।

### डीबीएस कॉलेज में रोजगार मेला आज

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत 21 फरवरी को प्रातः 10 बजे प्रादेशिक सेवायोजन कार्यालय द्वारा डीबीएस कॉलेज, गोविन्द नगर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 2287 पदों पर भर्ती होंगी। मुख्य अतिथि के रूप में गोविन्द नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र मैथानी उपस्थित रहेंगे, जबकि अध्यक्षता जिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार सिंह (आईएएस) करेंगे।

### नवाचारों पर दिया जोर

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रसार निदेशक डॉ. वीके त्रिपाठी की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केंद्रों की समीक्षा बैठक हुई। निदेशक ने सभी केंद्रों के अध्यक्षों एवं संबंधित वैज्ञानिकों को निर्देश दिए कि किसानों के प्रक्षेत्रों पर कराए जाने वाले परीक्षण व प्रदर्शनों को नवीन तकनीक से कराया जाए। उन्होंने मृदा में जीवांश कार्बन बढ़ाने हेतु जैविक खेती पर विशेष बल दिया।

## सोनागिर स्टेशन पर होगा एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जैन मेला को देखते हुए रेल प्रशासन ने ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस समेत कई मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों को सोनागिर स्टेशन पर ठहराव देने की घोषणा की है।

उत्तर मध्य जोन के पीआरओ मनोज कुमार ने बताया कि ट्रेनों को यह ठहराव एक मिनट के लिए दिया जाएगा, जिससे मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सके। इन ट्रेनों में गाड़ी संख्या 11123 ग्वालियर-बरौनी मेल को 1 मार्च से 10 मार्च तक ये गाड़ी 12:57 बजे पहुंचेगी और 12.58 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या 11124 बरौनी-ग्वालियर मेल 28 फरवरी से 9 मार्च तक सायं 6:02 बजे पहुंचेंगी और सायं 6.03 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या 11107 ग्वालियर-बनारस बुंदेलखंड एक्सप्रेस 1 मार्च से 10 मार्च 2026 तक रात 9.58 बजे पहुंचेगी और रात 9.59 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या 11108 बनारस-ग्वालियर बुंदेलखंड एक्सप्रेस 28 फरवरी से 9 मार्च तक प्रातः 6.32 बजे पहुंचेगी।




## मुंबई से सुल्तानपुर के लिए विशेष ट्रेन

**कानपुर।** होली एवं ग्रीष्मकालीन यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने सुल्तानपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) के मध्य विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

पीआरओ मनोज कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 04212 सुल्तानपुर से 26 फरवरी एवं 2 मार्च को संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 04211 लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 27 फरवरी 2026 एवं 03 मार्च 2026 (कुल दो फेरों) को संचालित की जाएगी1 गाड़ी संख्या 04212 सुल्तानपुर से सुबह 4 बजे रवाना होगी। लखनऊ प्रातः 6.20 बजे, कानपुर सेंट्रल 8.10 बजे, उरई 11 बजे, झांसी दोपहर 2 बजे, इटारसी रात 10.20 बजे, भुसावल सुबह 4.55 बजे, लोकमान्य तिलक टर्मिनल दोपहर 2 बजे पहुंचेगी।

## होली पर बनारस तक चलाई जाएगी विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लोकमान्यतिलक टर्मिनल (मुंबई) से बनारस के लिए विशेष ट्रेन संचालित करने की घोषणा की है।

उत्तर मध्य जोन के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि इस गाड़ी में 9 स्लीपर, 1 एसी सेकंड, 4 सामान्य, 6 थर्ड एसी, 2 एसएलआर डिब्बे होंगे। लोकमान्य टर्मिनल से 25 व 26 फरवरी, 4 व 5 मार्च को चलेगी। बनारस से 27, 28 फरवरी एवं 6 व 7 मार्च को संचालित होगी। गाड़ी संख्या 1073 लोकमान्य टर्मिनल से दोपहर 12.15 बजे रवाना होगी। भुसावल सायं 7.10 बजे, इटारसी रात 11.45 बजे, उरई सुबह 11.58 बजे, गोविंदपुरी (कानपुर) दोपहर 2.40 बजे, बनारस रात 11.30 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01074 बनारस से प्रातः 5.30 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी दोपहर 1.30 बजे, उरई 3.20 बजे, झांसी सायं 5.25 बजे, भुसावल प्रातः 8.10 बजे, नासिक प्रातः 11.22 बजे, कल्याण दोपहर 2.57 बजे, लोक मान्य टर्मिनल सायं 4.40 बजे पहुंचेगी।

### कानपुर होते हुए गोरखपुर की विशेष ट्रेन

कानपुर। होली पर रेलवे ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन होते हुए पुणे से गोरखपुर के मध्य विशेष ट्रेन संचालित करने की घोषणा की है। इस गाड़ी में 01 एसी द्वितीय, 06 स्लीपर, 04 सामान्य, 05 एसी तृतीय, 02 पार्सलयान होंगे। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 01416 प्रतिदिन 22 फरवरी से 9 मार्च तक गोरखपुर से चलेगी जबकि गाड़ी संख्या 01415 पुणे से 21 फरवरी से 8 मार्च तक चलेगी। गाड़ी संख्या 01415 पुणे से प्रातः 6 .50 बजे रवाना होगी। मनमाड दोपहर 1 .10 बजे, भुसावल दोपहर 3 .55 बजे, कानपुर सेंट्रल प्रातः 8 .35 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01416 बस्ती सायं 7 .12 बजे चलेगी। कानपुर रात 00 .20 बजे, उरई रात 1 .58 बजे, भुसावल सायं 5 बजे, मनमाड रात 8,10 बजे, पुणे रात 3 .15 बजे पहुंचेगी।

**गोरखपुर के लिए विशेष ट्रेन :** होली पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से गोरखपुर के लिए विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इस ट्रेन में 01 एसी द्वितीय, 09 स्लीपर, 4 सामान्य, 6 एसी तृतीय, 2 एसएलआर डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 01079 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल (मुंबई) से रात 10.30 बजे रवाना होगी। ये गाड़ी 21 फरवरी से 8 मार्च तक प्रतिदिन चलेगी। गाड़ी संख्या 01080 गोरखपुर से 23 फरवरी से 10 मार्च तक प्रतिदिन चलेगी। गाड़ी संख्या 01079 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से रात 10.30 बजे रवाना होगी। कल्याण रात 11.47 बजे, नासिक रात 2.20 बजे, इटारसी दोपहर 1.05 बजे, भोपाल दोपहर 3.55 बजे, कानपुर सेंट्रल रात 2.15 बजे, गोरखपुर प्रातः 10.00 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01080 गोरखपुर से दोपहर 2.30 बजे रवाना होगी। बस्ती दोपहर 3.42 बजे, कानपुर सेंट्रल रात 10.20 बजे, उरई 00.05 बजे, भुसावल दोपहर 3.20 बजे, कल्याण रात 11.37 बजे, दादर रात 00.17 बजे, छत्रपति शिवाजी टर्मिनल रात 00.40 बजे पहुंचेगी।

## प्रो. विनय कुमार पाठक को मिला पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



प्रो. विनय पाठक।

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू को नई दिल्ली में आयोजित 'सस्टेनेबिलिटी कर्मा कैंपस लीडरशिप अवॉर्ड्स 2026' में 'नीति-आधारित पहल (ओपन कैटेगरी)' श्रेणी में प्रथम पुरस्कार हासिल हुआ है। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक को 'डिस्टिंग्विश्ड वाइस चांसलर अवॉर्ड फॉर सस्टेनेबिलिटी' प्रदान किया गया।

इस अवार्ड को विश्वविद्यालय के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'तृतीय युवा सस्टेनेबिलिटी सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह 2026' के दौरान प्रदान किया गया। सम्मेलन का आयोजन वॉइसेस ऑफ भारतः युवा फ़ॉर सस्टेनेबिलिटी द्वारा 'सतत भविष्य का निर्माणः दृष्टि से मूल्यों तक' विषय पर किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय की ओर से एसोसिएट डीन (अकादमिक) डॉ. अंशु सिंह ने नई दिल्ली में यह पुरस्कार ग्रहण किया।

## अंगदान से आठ लोगों की बच सकती जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंगदान से प्रतिवर्ष अंगों की अनुपलब्धता के कारण होने वाली लाखों मौतों को कम भी किया जा सकता है। क्योंकि एक अंगदाता अपने अंगों और ऊतकों के माध्यम से आठ से अधिक लोगों की जान बचा सकता है या उनके जीवन को बेहतर बना सकता है। जरूरतमंदों को अंग प्रत्यारोपण के माध्यम से एक सामान्य और लंबा जीवन जीने का प्रदान कर सकता है। इसके लिए सभी लोगों में जागरूकता होना बेहद जरूरी है। यह जानकारी आईएमए अध्यक्ष डॉ.अनुराग मेहरोत्रा ने दी।

आईएमए द्वारा 22 फरवरी को आईएमए ऑर्गन डोनेशन अवेयरनेस कार रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसके संबंध में अध्यक्ष डॉ.अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि इस वर्ष कार रैली का मुख्य उद्देश्य अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। रैली की थीम अंगदान, जीवन बचाएं रखी गई है। समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर अधिक से अधिक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करना इस आयोजन का लक्ष्य है। यह रैली दिल्ली पब्लिक स्कूल, मैनावती मार्ग से शुरू होगी और शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमे लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। समिति के चेयरमैन डॉ.देबाशीष देबरॉय ने बताया कि रैली में विभिन्न प्रतियोगिताओं व पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। प्रथम 25 पंजीकरण कराने वाले प्रतिभागियों के लिए विशेष लकी ड्रॉ भी रखा गया है। समिति के को-चेयरमैन डॉ.संजय सिंहवी ने बताया कि हृदय, किडनी, लीवर, फेफड़े और आंखें जैसे अंगों द्वारा आठ लोगों को नया जीवन मिल सकता है। यह एक निस्वार्थ उपहार है जो किसी का जीवन बचाया सकता है। आईएमए के पदाधिकारियों ने शहरवासियों से अपील की है कि वह इस सामाजिक अभियान का समर्थन करें और अंगदान का संकल्प लेकर मानव सेवा में अपना योगदान दें। इस दौरान सचिव डॉ. शालिनी मोहन, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ.नंदिनी रस्तोगी, डॉ. सी निहलानी, डॉ. रेणु सिंह गहलोत, वित्त सचिव डॉ. विशाल सिंह, डॉ.विकास श्रीवास्तव व डॉ. स्मिता सिंह समेत आदि रहे।




रैली के बारे में जानकारी देते आईएमए के पदाधिकारी। अमृत विचार

## फेरों से पहले सजी मेहंदी



**कानपुर।** 22 फरवरी को समाजसेवी अजीत अग्रवाल की ओर से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें 51 बेटियों के हाथ पीले होंगे। समारोह से पूर्व आनंदधाम आनंदपुरी में श्याम प्रभु का कीर्तन और बेटियों के हाथों में मेहंदी लगाने का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मीनू अग्रवाल, कंचन जैन, अंजली अग्रवाल आदि मौजूद रहीं। अमृत विचार

माह-ए-रमजान

मस्जिदों में जगह पड़ गई कम, सड़क पर इजाजत नहीं होने से दो बार में पढ़ाई गई नमाज

## पहले जुमा पर इबादतगाहों में उमड़ी रोजेदारों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमजान-उल-मुबारक के पहले जुमा में इबादत करने के लिए मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी जिससे कई मस्जिदों में दो-दो बार नमाज अदा करना पड़ा। मस्जिदों में पेशइमाम ने रमजान पर तकरीर की और कहा कि रमजान में इबादत करके अल्लाह को राजी कर लो। अगर कोई गुस्सा हो, बुरा भला कहे तो उससे कह दो मैं रोजे से हूं।

शुक्रवार को जुमा की नमाज के लिए सुबह से ही मस्जिदों में भारी भीड़ पहुंची। हालांकि मस्जिदों में 12.30 बजे से दोपहर 3 बजे के मध्य जुमा की नमाज अदा की गई। क्योंकि सड़क पर नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं है, इसलिए कई मस्जिदों में दो-दो बार नमाज हुई।

उधर जुमा की नमाज से पूर्व जमीअत उलेमा उत्तर प्रदेश के महासचिव मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने अपने बयान में रमजान के महत्व को समझाते हुए उम्मत-ए-मुस्लिमा से अपील किया कि इस पवित्र मुकद्दस महीने में नेकियों (अच्छे कार्य करना) का एहतेमाम के साथ-साथ खुद को हर तरह के गुनाहों से बचाने का पुख्ता इरादा करें। मौलाना ने कहा कि रमजान का महीना शुरू हो चुका है, हम सबको यह तय कर लेना चाहिए कि इस एक महीने में हमें हर तरह के गुनाहों से बचना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नेकी करना तो लाजिमी है, लेकिन नेकी करने से ज्यादा जरूरी अपने आप को गुनाहों से बचाना है। पैगंबर मोहम्मद साहब ने फरमाया कि 'तुम अपने आप को गुनाहों से बचाना शुरू कर दो तो तुम सबसे बड़े इबादतगुजार बन जाओगे।



रमजान के पहले जुमा पर नमाज पढ़ते रोजेदार। अमृत विचार



उलेमा ने जरूरी बातें बताईं।

### रोजेदार इन बातों का जरूर रखें ख्याल

- मोबाइल का गलत इस्तेमाल नहीं करें।
- जुबान से कोई गलत बात नहीं निकले।
- किसी पर बुरी नजर नहीं डालें यानी निगाहों की हिफाजत करें
- कानों के अंदर कोई गलत बात या म्यूजिक न पड़े।
- अपन हाथ पैरों को गुनाह की तरह मत जाने दें।

## 'चांदी सिफारिश' सुनाकर शान ने जीता दिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गार्डनिया पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बिखेरा जलवा

**अमृत विचार।** गार्डनिया पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव 'जेनेसिस 'के अंतिम दिन सिंगर शान ने अपने गीतों से समां बांध दिया। बॉलीवुड गायक ने समारोह में एक के बाद एक अपने हिट गीत सुनाकर स्कूली बच्चों को अपना कायल बना दिया। 'चांदी सिफारिश' जैसे गीतों के जरिए मंच और श्रोताओं के बीच की दूरी कम कर दी।

समारोह के दौरान विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमन द्विवेदी, फाउंडर अनिल द्विवेदी, डायरेक्टर नीलम द्विवेदी व चीफ डायरेक्टर सौरभ द्विवेदी भी मौजूद रहे। मंच पर आते ही शान ने अपनी शानदान आवाज से जब युवाओं का आह्वान किया तो सभी ने तालियां बजाकर बॉलीवुड सिंगर का स्वागत किया। सिंगर शान ने श्रोताओं की फरमाइश पर 'जब से तेरे नैना' व 'बहती हवा सा था वो' सुनाकर सभी को उत्साहित किया। उधर अपने हिट गीत 'तन्हा दिल तन्हा सफर' और 'सुनो ना' सुनाकर पुरानी यादों में ले गए। उन्होंने अपने गीत 'दिल लेके' और ' चार कदम' व 'वो पहली बार' सुनाकर श्रोताओं की फरमाइश को पूरा किया।



कार्यक्रम पेश करते सिंगर शान।

यू०पी० प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि०
कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई-10, कानपुर (केन्द्रीय भण्डार)
(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
उद्योग कुंज रोड नियर हलुआखाड़ा (रजवाहा)
नौरैया खेड़ा (नहर कोठी), दादा नगर, कानपुर-208022
CIN : U15209UP1976SGC004285

पत्रांकः-2846/पी.सी.एल./पी.एम.-10/कानपुर दिनांकः 20.02.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

Proposed Construction of Boundary Wall & Submersible Work at District Library in District-Kannauj, U.P. हेतु इस कार्यालय की निविदा सूचना सं0-23/PM-10/UPPCL/2025-26 दिनांक 20.02.2026 द्वारा ऑफलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा इकाई कार्यालय में दिनांक 21.02.2026 से दिनांक 27.02.2026 के अपराह्न 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है। ऑफलाइन निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें कारपोरेशन की इकाई कार्यालय में दिनांक 21.02.2026 से प्राप्त की जा सकती है।

परियोजना प्रबन्धक,
निर्माण इकाई-10, कानपुर

# युवती, युवक व अधेड़ के फंदे से लटके मिले शव, मचा कोहराम

## संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली व बिहार थानाक्षेत्र में युवक व अधेड़ के शव पेड़ पर फंदे से लटके मिले। वहीं दही थानाक्षेत्र में युवती ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किए हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के शेरअली खेड़ा गांव निवासी अंकुल (22) पुत्र रामशंकर गांव के पास लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित एक सीएनजी फिलिंग स्टेशन के सामने वाहन धुलाई की दुकान पर रात में काम करता था। शुक्रवार सुबह करीब 8 वह रोज की तरह घर जाने को निकला लेकिन घर नहीं पहुंचा। कुछ देर बाद गांव निवासी सुंदर सीएनजी स्टेशन के पीछे जवाहर खेड़ा गांव के बाहर खेत जाते समय अंकुल को फंदे से लटका देख परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा। परिजनों ने बताया कि गुरुवार रात अंकुल के पेट में दर्द हुआ था। दवा खाकर वह धुलाई सेंटर जाने की बात कहकर घर से निकल गया। वह 3 भाई-बहनों में बड़ा था। उसकी मौत से मां सुनीता, छोटू वी बहन पूजा रो-रोकर बेहाल हैं। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि युवक के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।


अंकुल की फाइल फोटो


रोते- बिलखते अंकुल के परिजन। ● अमृत विचार

### युवती ने फंदे से लटककर दे दी जान

**बिछिया, उन्नाव :** दही थानांतर्गत टीकरगढ़ी गांव निवासी ओमवीर ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बहन रेवा (22) पुत्री रामलाल सिंह गुरुवार रात घर पर अकेली थी। तभी उसने अपने कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव मोर्चरी में रखवाया। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन उसकी आत्महत्या की वजह नहीं बता सके। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि भाई ने बहन के आत्महत्या करने की सूचना दी थी। पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा गया है।


रेवा का फाइल फोटो

### अधेड़ का पेड़ पर लटका मिला शव

**उन्नाव :** बिहार थानाक्षेत्र के धनकोली गांव निवासी सुंदरलाल (50) पुत्र रामेश्वर मजदूरी करता था। गुरुवार शाम वह घर से बिना बताए निकला था। देररात तक न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। उसके मोबाइल पर फोन किया लेकिन काल रिसीव नहीं हुई। शुक्रवार सुबह परिजन फिर तलाश में निकले तो गांव निवासी शशिकांत की बाग में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ में उसका शव रस्सी के फंदे से लटका मिला। यह देख पत्नी सुनीता बेहाल हो गई। उसके 5 बच्चों में बेटे राज कुमार, शनि व बेटियां अलका, खुशबू जाह्नवी हैं। भाई रमाकांत ने सुंदरलाल की मौत पर मौखिक संदेह जताया। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएम की अध्यक्षता में तहसील बीघापुर में समाधान दिवस आज

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बीघापुर में 21 फरवरी को सुबह 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक होगा। इसी प्रकार तहसील सदर में सीडीओ, तहसील सफीपुर में एडीएम वित्त एवं राजस्व, तहसील बांगरमऊ में एडीएम न्यायिक, तहसील हसनगंज व पुरवा में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। किसी भी जनपद वासी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत हो तो वह संबंधित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है।

### दो बाइकों की टक्कर में पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** लखनऊ के काकोरी थानाक्षेत्र के करीमाबाद निवासी प्रमोद (40) पुत्र रामकरन पत्नी राधा, बेटे श्रेष्ठ व बेटी स्वागत के साथ कानपुर में रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने जा थे। तभी अजगैन कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर उसकी बाइक में दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें प्रमोद, बेटा श्रेष्ठ व दूसरी बाइक चालक शाहे आलम (35) पुत्र अनवर अली निवासी देवा बाराबंकी घायल हो गया। जिन्हें सीएचसी नवाबगंज लाया गया। जहां से डॉक्टर ने घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


सुभाष का फाइल फोटो

● **बाइक खराब होने पर पैदल घर आ रहे युवकों को अज्ञात वाहन ने मार दी टक्कर**

**अमृत विचार:** बीती रात हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। इसमें एक गंभीर घायल भी हुआ। इसकी खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराए हैं।

अचलगंज थानाक्षेत्र के जगतखेड़ा निवासी सुभाष (22) पुत्र प्रेम टेंट व लाइट हाउस में काम करता था। गुरुवार को वह चचेरे भाई अनूप के साथ बारासगवर थानाक्षेत्र में टेंट लगाने गया था। जहां से काम समाप्त कर देररात दोनों लौट रहे थे। तभी रास्ते में उसकी बाइक खराब हो गई। घर में बाइक खराब होने की सूचना देकर बाइक वहीं खड़ी कर दोनों साधन की तलाश में पैदल गांव की ओर चल पड़े। बीघापुर क्षेत्र के ऊंचगांव-लाल कुआं मार्ग पर नरोत्तमपुर के पास अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी। इसमें वे गंभीर घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से 100 बेड हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने सुभाष को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनूप को जिला अस्पताल रेफर किया। पिता प्रेम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। सुभाष की 3 साल पहले शादी हुई थी। पति की मौत की खबर से पत्नी पलक सदमे में है। वहीं मां शिवकांती, छोटे भाई शिवा व पंकज का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वाहन की तलाश की जा रही है।

### वाहन की टैक्टर से गई युवक की जान

**उन्नाव :** अचलगंज थानाक्षेत्र के मुगलपुर गांव निवासी अनीश खान (40) पुत्र स्व. राजू मजदूरी करता था। गुरुवार को वह गांव के पास एक गेस्ट हाउस गया था। जहां से घर लौटने के लिए वह देररात उन्नाव-लालगंज हाईवे पैदल पार कर रहा था। तभी अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर भाग गया। पीछे से आए गांव के युवक ने उसके परिजनों को इसकी सूचना दी। इस पर उसे घायल हालत में सीएचसी लोहचा लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह चार भाइयों में अतीश व नफीस से बड़ा था। एक भाई शाहरुख की 6 माह पहले मौत हो गई थी। भाई नफीस के मुताबिक अनीश की शादी हुई थी। लेकिन कुछ साल बाद पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। बेटे की मौत से मां शहजहां बेहाल है। एसओ ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत होने का मेमो मिला था। पोस्टमार्टम कराया गया है।

# स्टेडियम प्रशासन ने हटवाया छत्ता

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** अंबिकापुरम स्थित राहुल सप्रू स्टेडियम में बुधवार को मधुमक्खियों के हमले में कानपुर फीलखाना निवासी अंपायर मानिक गुप्ता की मौत के बाद स्टेडियम प्रशासन हरकत में आया। घटना के बाद गुरुवार रात पवेलियन के बगल में लगे छत्ते को हटवाया गया। सुरक्षा इंतजाम पूरे होने के बाद शुक्रवार को बी पिच पर मैत्री मैच खेला गया। जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों ने राहत की सांस ली।

राहुल सप्रू स्टेडियम बुधवार को अंडर 13 का मैच खत्म होने के बाद अंपायर मानिक गुप्ता अपने साथी अंपायर का इंतजार कर रहे थे। बताया गया कि मानिक गुप्ता पहली बार सप्रू स्टेडियम में अंपायरिंग करने पहुंचे थे। किसी को अंदेशा नहीं था कि यह मैच उनके जीवन की अंतिम अंपायरिंग साबित होगा। मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, बाद में उनकी मौत हो गई। स्टेडियम ट्रस्ट के ट्रस्टी सीपी त्रिपाठी की पत्नी धारा त्रिपाठी ने बताया कि यह बेहद दुखद घटना है। उन्होंने कहा कि मानिक गुप्ता के परिवार को स्टेडियम प्रबंधन की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जा रही है। घटना के बाद खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में शोक का माहौल है, वहीं प्रशासन ने स्टेडियम परिसर में सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की बात कही है।


बरगद के पेड़ से हटवाया गया मधुमक्खियों का छत्ता।

● **बुधवार को मधुमक्खियों के हमले में हुई थी अम्पायर की मौत, छत्ता हटने पर हुआ मैच**

# उपभोक्ता आयोग ने पालिका पर किया 15 हजार का जुर्माना

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर पालिका गंगाघाट की मनमानी व लापरवाही का खामियाजा उसे भारी पड़ा है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने पालिका द्वारा 12 वर्षों से जलापूर्ति न होने के बावजूद भेजे गए मनमाना बिल निरस्त करते हुए पालिका पर 15 हजार का जुर्माना लगाया है।

सीताराम कॉलोनी निवासी मिथलेश अवस्थी ने आयोग में परिवाद दायर कर बताया कि वर्ष 2010 में नए गंगा पुल निर्माण के दौरान उनकी कॉलोनी की मुख्य जलापूर्ति पाइप लाइन टूट गई थी। तब से अब तक पूरी कॉलोनी में जलापूर्ति ठप है। इसके बावजूद नगर पालिका ने वर्ष 2022-23 के लिए 6,720 रुपये का जलकर का बिल भेज दिया। उन्होंने कई बार लिखित शिकायत व सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी लेकिन पालिका ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परिवादिनी के अधिवक्ता सिद्धांत अवस्थी ने आयोग में तर्क दिया कि बिना सेवा दिए बिल भेजना पालिका की घोर लापरवाही व अनुचित व्यापारिक व्यवहार है। सुनवाई के दौरान पालिका ने स्वीकार किया कि वर्ष 2010 से जलापूर्ति बाधित है फिर भी कनेक्शन काटने की प्रक्रिया न होने से बिल भेजे गए। आयोग अध्यक्ष बलराज सिंह, सदस्य बसंत कुमार जैन व सदस्या नैना अग्रवाल ने इसे सेवा में गंभीर कमी माना। पीठ ने 20 नवंबर 2022 के विवादित बिल निरस्त करते हुए आदेश दिया कि पालिका पर 15 हजार का जुर्माना लगाया है।

● **12 साल से पानी की सप्लाई बंद, फिर भी आया 6720 का बिल**

# टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में होगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की संयुक्त बैठक अध्यक्ष रामजनम सिंह व गजेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में सुन्दर लाल डिग्री कॉलेज खिन्नी मोड़ पुरवा में संपन्न हुई।

बैठक में प्रांतीय निर्देशानुसार प्रदेश के मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों द्वारा एकजुट होकर टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले अनिवार्य टीईटी के विरोध में निर्धारित आंदोलन के विषय में विचार विमर्श हुआ। इसमें पदाधिकारियों ने कहा कि इस लड़ाई में हम सभी आपसी भेदभाव भुलाकर व एकजुट होकर प्रांतीय निर्देशों का अनुपालन करेंगे और अधिक से अधिक संख्या में 22 फरवरी को 2 से 4 बजे तक एक्स पर हैशटैग अभियान चलाएंगे। 23 से 25 फरवरी तक जिले के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। इसके बाद 26 फरवरी को दोपहर 1 से 4 बजे तक बीएसए कार्यालय पर धरना देकर वहां से डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को देंगे। संगठन के आह्वान पर मार्च के तीसरे सप्ताह में नई दिल्ली में महारैली कर भारत सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा।

इसमें संजय द्विवेदी, श्रवण पटेल, अवनीश सिंह, मोतीलाल, शशिकांत, योगेश, परमिल यादव, अन्नपूर्णा वर्मा, इंदु गुप्ता, सीमा गोयल, आकांक्षा सिंह, सूर्य प्रताप, राकेश मिश्रा, रामगोपाल, प्रदीप सोनकर, शिवम सिंह, राजेश कुमार, विजय बाथम, सतीश कुमार, देव शंकर, अमित अवस्थी, सुनील कुमार, धीरेंद्र शुक्ला, लल्लन सिंह, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।


बैठक के बाद प्रदर्शन करते शिक्षक नेता। ● अमृत विचार

● **सुन्दर लाल डिग्री कॉलेज खिन्नी मोड़ पुरवा में हुई शिक्षक संगठनों की बैठक में बनी रणनीति**

### पूर्व रणजी खिलाड़ी ने अंपायर को दी श्रद्धांजलि

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** शुक्रवार को गोपीनाथपुरम स्थित नगर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे के कार्यालय में वरिष्ठ क्रिकेट अंपायर स्व. मानिक गुप्ता के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। इस दौरान पूर्व रणजी खिलाड़ी व चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप पांडे ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि सप्रू स्टेडियम में आयोजित एक मैच के दौरान मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले में मानिक गुप्ता गंभीर घायल हो गए थे। इलाज के दौरान अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। इससे खेल प्रेमियों व क्रिकेट जगत में शोक की लहर है। श्रद्धांजलि सभा में संदीप पांडे ने कहा कि मानिक गुप्ता ने वर्षों तक निष्पक्षता, अनुशासन व समर्पण के साथ क्रिकेट अंपायरिंग की और खेल जगत में अहम योगदान दिया। उनका असामयिक निधन क्रिकेट जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।


दिवंगत अंपायर को श्रद्धांजलि देते पूर्व रणजी खिलाड़ी।

### कड़ी सुरक्षा में 237 स्थानों पर होगा होलिका दहन

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** होली को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 237 स्थान पर होलिका दहन प्रस्तावित है। इसे लेकर पुलिस ने सभी चिन्हित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की है। वहीं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। पुलिस के अनुसार बिंदानगर चौकी क्षेत्र में 49, बालूघाट चौकी क्षेत्र में 14, पश्चिमी गंगाघाट चौकी क्षेत्र में 46, मरहला चौकी क्षेत्र में 27, गंगा बैराज क्षेत्र में 26, जाजमऊ क्षेत्र में 54 व हाजीपुर क्षेत्र में 21 स्थानों पर होलिका दहन होगा। सभी स्थानों पर फोर्स की तैनाती के साथ गश्त बढ़ा दी गई है। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि होलिका दहन के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था से निपटने के लिए कोतवाली के अलावा अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाया गया है। इसमें 4 निरीक्षक, 15 दरोगा, 20 हेड कांस्टेबल, 24 कांस्टेबल, 18 महिला कांस्टेबल के साथ डेढ़ सेक्शन पीएसी तैनात रहेगी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने व नियमों का पालन करने की अपील की है।

### होटल से युवक ने लगाई छलांग, मौत

**शुक्लागंज, उन्नाव :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजधानी मार्ग रूद्र नगर स्थित एक होटल में शुक्रवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने होटल की छत से छलांग लगा दी। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। र सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा चौकी अंतर्गत खंजी खेड़ा निवासी सुनील वर्मा (35) पुत्र पुत्तन लाल मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम वह अपनी तीन वर्षीय बेटी इशिका को साथ लेकर राजधानी मार्ग स्थित एक होटल में पहुंचा और बेसमेंट की ओर जाने लगा। रिसेप्शन पर मौजूद कर्मचारी विशाल मिश्रा को युवक की गतिविधि संदिग्ध लगी तो वह उसे रोकने के लिए पीछे गया। इसी दौरान युवक बेसमेंट की सीढ़ियों से होते हुए तेजी से ऊपर छत पर पहुंच गया और बगल में स्थित वीरेंद्र यादव के खाली प्लॉट में छलांग लगा दी। नीचे गिरते ही उसकी मौत हो गई। घटना देख होटल कर्मचारियों के होश उड़ गए और तत्काल होटल मालिक व पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ सिटी विनी सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर बच्ची से पूछताछ की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में पुलिस बच्ची को उसके घर खंजी खेड़ा ले गई और परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पत्नी सरोजिनी ने बताया कि सुनील मानसिक बीमारी से ग्रसित था और उसका इलाज चल रहा था। वह शराब का भी आदी था। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

### मिशन शक्ति के तहत चला जागरूकता अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को नगर में वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चला। इस दौरान महिला सुरक्षा को लेकर महिलाओं व बालिकाओं को जरूरी जानकारियां दी गईं। महिला मिशन शक्ति प्रभारी दरोगा श्रद्धा सिंह, महिला कांस्टेबल अर्चना व प्रिया सिंह ने नगर की कोचिंग, कॉलेजों व सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया। अभियान के दौरान महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। जिसमें 1098, 1077, 1078, 1090 के साथ ही 181 व 112 नंबरों के उपयोग के बारे में बताया गया। टीम ने महिलाओं से किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में बिना भय के सहायता लेने की अपील की। यह अभियान गोपीनाथपुरम, राजधानी मार्ग, गंगानगर, पोनी रोड, रेलवे स्टेशन सहित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर चलाया गया।


स्कूल के बाहर जानकारी देती महिला पुलिस कर्मी।

# मानदेय बढ़ाने की घोषणा से शिक्षामित्र खुश

**उन्नाव, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में लंबी अवधि से काम कर रहे शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाए जाने पर शिक्षामित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 18000 रुपए महीने अप्रैल माह से देने की घोषणा की है। इससे आदर्श शिक्षामित्र संगठन की पूर्व जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह सहित अन्य शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शिक्षामंत्री सहित सभी विधायकों का आभार जताया है।

### सीएम के निर्णय पर शिक्षामित्रों ने जताया आभार


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि की जो घोषणा की गई है यह अत्यंत जरूरी थी। इसके लिए योगी जी और बेसिक शिक्षामंत्री व अन्य सभी साथ देने वाले मंत्रियों व विधायकों, सांसदों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। **अजय प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष आदर्श शिक्षामित्र, उन्नाव**


योगी आदित्यनाथ का प्रदेश के सभी शिक्षामित्रों की ओर से मानदेय वृद्धि की घोषणा किए जाने से हार्दिक आभार। मानदेय वृद्धि की घोषणा से हमारे बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे। **शिवेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष आदर्श शिक्षामित्र।**


योगी जी की सरकार द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने का जो निर्णय लिया गया है उसका हम सब स्वागत करते हैं। अब भविष्य में शिक्षामित्रों की और भी समस्याओं के समाधान की उम्मीद बढ़ी है। **विजय शर्मा, शिक्षामित्र फतेहपुर चौरासी।**


प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाए जाने का हम स्वागत करते हैं। इससे जिम्मेदारी पूरी करने और परिवार चलाने में आसानी हो जाएगी। **वंदना यादव, महिला शिक्षामित्र।**

# अंग्रेजी का पेपर आसान आने से छात्र खुश

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रथम पाली में हाईस्कूल के परीक्षार्थियों ने शुक्रवार को सामाजिक विज्ञान का पेपर दिया। प्रश्नपत्र सरल आने से छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे और अधिकांश परीक्षार्थियों ने समय से पहले ही उत्तर पुस्तिकाएं भर लीं। केंद्रों से बाहर निकलते समय छात्रों में आत्मविश्वास साफ दिखा।

प्रथम पाली में हाईस्कूल की परीक्षा के लिए परीक्षार्थी राजमार्ग स्थित ओम प्रकाश ज्वालादेवी इंटर कॉलेज, कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, गोपीनाथपुरम स्थित एसवीएम, गंगानगर स्थित जीपीएम एसवीएम व पोनी रोड स्थित डॉ. लोहिया कॉलेज पहुंचे। सभी केंद्रों पर प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग हुई व परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। दूसरी पाली में इंटर के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी का पेपर दिया। जिन छात्रों की अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ थी उन्होंने प्रश्नपत्र आसानी से हल कर लिया। वहीं कुछ ग्रामर के सवालों में उलझे रहे। परीक्षा के बाद छात्रों ने बताया कि पेपर आसान था। हालांकि ग्रामर के कुछ प्रश्न थोड़े कठिन लगे। फिर भी उन्होंने पूरे प्रश्नपत्र का उत्तर करने का प्रयास किया। कुल मिलाकर परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में संतोष देखने को मिला।


परीक्षा से पहले लोहिया स्कूल में छात्रों की होती चेकिंग। ● अमृत विचार

**बोर्ड परीक्षा** — प्रथम पाली में हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान व इंटर की कृषि शस्य विज्ञान प्रथम व षस्टम प्रश्न पत्र की हुई परीक्षा

# दोनों पालियों में 69731 परीक्षार्थियों में 3114 ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में संपन्न हुईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान व इंटर के कृषि शस्य विज्ञान प्रथम व षस्टम प्रश्न पत्र की परीक्षा जिले के 122 परीक्षा केंद्रों में थी। जिसमें पंजीकृत 39081 छात्रों में 1902 अनुपस्थित व 27127 उपस्थित रहे।

द्वितीय पाली में इंटर अंग्रेजी की परीक्षा जिले के 121 केंद्रों में थी। जिसमें 30650 छात्रों में 1212 अनुपस्थित व 29438 छात्र उपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में 69731 छात्रों में 3114 अनुपस्थित व 66617 छात्र उपस्थित रहे। प्रथम पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा होने के कारण मंडल स्तर का उड़न दस्ता वरिष्ठ प्रवक्ता डायट योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में बांगरमऊ क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करता रहा। सीसीटीवी व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में होने वाली परीक्षा के चलते कहीं कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। जिले स्तर के सचल दल ने डीआईओएस, बीएसए, जीआईसी प्रिंसिपल परमात्मा शरण, अदनान हाफीज, कमलेश कुमार व उपमा त्रिपाठी के नेतृत्व में आधा सैकड़ा से अधिक केंद्रों का निरीक्षण किया। कहीं कोई नकलची नहीं मिला। सुबह पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 39012 छात्रों में 1895 अनुपस्थित व 37117 उपस्थित रहे। इंटर में कृषि शस्य विज्ञान प्रथमपत्र में 32 छात्रों में 29 उपस्थित व 3 अनुपस्थित रहे। जबकि कृषि शस्य विज्ञान षस्टम प्रश्नपत्र में 37 छात्रों में 33 उपस्थिति व 4 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 39081 छात्रों में 37179 उपस्थिति व 1902 अनुपस्थित रहे।

द्वितीय पाली में इंटर अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र होने से जहां जिले व मंडल स्तर के सचल दल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। एसडीएम उदयवीर सिंह जिले के सभी केंद्रों का कंट्रोल रूम से निगरानी करते रहे। द्वितीय पाली में इंटर अंग्रेजी विषय में 30650 छात्रों में 29438 उपस्थित व 1212 अनुपस्थित रहे। एसडीएम ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित हुई।


कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की निगरानी करते एसडीएम उदयवीर सिंह।

### रमजान के पहले जुमा पर मांगी अमन-ओ-शांति की दुआ

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** रमजान के पाक महीने के पहले जुमा पर शुक्रवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में नमाज अकीदत व एहतराम के साथ अदा हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में नमाजियों ने देश में अमन-ओ-शांति, भाईचारे व खुशहाली की दुआ मांगी। रमजान के पहले जुमा को लेकर मस्जिदों में विशेष रौनक देखने को मिली और दोपहर के समय नमाजियों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी। जुमा की नमाज का सिलसिला दोपहर साढ़े 12 बजे से शुरू होकर करीब डेढ़ बजे तक चला। दोपहर सवा 1 बजे पहली जुमा की नमाज अदा की गई। जिसमें इमामों ने रमजान की अहमियत, सब्र, इबादत व इंसानियत पर तकरीर की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही।

